# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

गोरखपुर, बुधवार 06 नवम्बर 2024 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 13, अंक 304




हिन्दू मंदिर पर हमला... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • कुश्ती में वापसी करेंगी विनेश फोगाट...

## बस से कुचलकर पिता, पुत्री की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में मंगलवार को एक यात्री बस और मोटर साइकिल (बाइक) की आमने-सामने हुई भिड़ंत हो गई जिससे बाइक चला रहे व्यक्ति और उसकी एक पुत्री की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि उसके दो अन्य बच्चे बुरी तरह घायल हो गए। उत्तरकाशी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र सिंह पटवाल ने बताया कि आज सुबह लगभग 10ः00 बजे तहसील बड़कोट के नौगांव में सौजी के पास देहरादून से आ रही एक बाइक संख्या यूके 07एएल-1969 और विपरीत दिशा नौगांव से देहरादून की ओर जा रही बस वाहन संख्या यूके 07 पीए 4427 में भिड़ंत हो गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में बाइक चला रहे सर्जन लाल (38) पुत्र हरिलाल, निवासी ग्राम भकोली, तहसील पुरोला, उत्तरकाशी और पीछे बैठी उनकी पांच वर्षीया पुत्री सिमरन की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। उसकी दूसरी पुत्री गुर्जन (12) और पुत्र सत्यम (10) वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 108 आपातकालीन सेवा के माध्यम से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नौगांव लाया गया।

# मदरसों की संवैधानिकता बरकरार

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मदरसा संचालकों, उलेमाओं और छात्रों में खुशी की लहर

एजेंसी

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा संचाालकों, शिक्षकों, छात्रों को बड़ी राहत दी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को सवैंधानिक करार देते हुए हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया है।

सर्वोच्च अदालत का निर्णय आते ही मदरसा संचालकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मदरसों में मिठाइयां बांटी गईं। वहीं मदरसा संचालक, उलेमाओं, मदरसा शिक्षकों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर खुशी जाहिर की। ऐशबाग ईदगाह में मदरसे के बच्चों को शिक्षकों ने मिठाई खिलाई। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कोर्ट के आदेश पर खुशी जतायी। मौलाना ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा मदरसा एक्ट को सवैंधानिक करार दिए जाने



का फैसले का दिल से स्वागत करते हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा मदरसा एक्ट को असंवैधानिक करार दिए जाने के बाद लोगों में मायूसी पैदा हो गई थी। आज लाखों की तादाद में छात्र और स्टाफ ने राहत की सास ली है। सभी के इल्म में ये बात होनी चाहिए कि हम लोग मदरसों को मुल्क के आर्टिकल 30 के तहत संचालित करते हैं। मौलाना ने कहा कि हम लोग मदरसों में सर्वश्रेष्ठ शिक्षा देते है। उर्दू, अरबी के साथ गणित, विज्ञान, अंग्रेजी व अन्य मार्डन विषयों की तालीम भी मदरसो में दी जाती है। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत है। मदरसों का मुल्क की आबादी में अहम योगदान है। मदरसों ने देश को आईएएस, पीसीएस, गर्वनर और मंत्री दिए हैं। मदरसों ने हमेशा मुल्क को सजाने और संवारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अगर फैसला खिलाफ आता तो लाखों लोगों पर बुरा असर पड़ता, बेराजगारी बढ़ती। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि देश के संविधान ने हमें हक दिया है कि अल्पसंख्यक अपने-अपने शैक्षणिक संस्थान खोल सकते हैं। मुल्क की आजादी में मदरसों का अहम किरदार रहा है। एक मदरसे के प्रिंसिपल को अंग्रेजों से लड़ाई के लिए फांसी दी गई। मदरसों में पढ़ने वालों के साथ बड़ी नइंसाफी हो रही थी। अब सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है और हम सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हैं। उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डा. इफ्तिखार जावेद ने कहा कि यूपी के मदरसे बेहतर काम कर रहे हैं। मदरसों को नजदीक से जानने की जरूरत है। मदरसों पर उंगली उठाना ठीक नही। मदरसे से जुड़े लोग मदरसों को और बेहतर करें।

### प्रदेश के 17 लाख बच्चों को मिली राहत

हाईकोर्ट के 22 मार्च 2024 को यूपी मदरसा एक्ट को अंसवैधानिक दिए जाने के बाद से 16 हजार से अधिक मदरसों में पढ़ने वाले 17 बच्चों का भविष्य दांव पर लगा हुआ था। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से पत्र जारी कर मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों को सरकारी विद्यालयों में प्रवेश कराने की तैयारी की जा रही थी।

यदि सुप्रीम कोर्ट भी हाईकोर्ट के निर्णय को बरकरार रखता हो मदरसा शिक्षा पूरी तरह खत्म हो सकती थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के यूपी मदरसा एक्ट की संवैधानिकता बरकरार रखने के आदेश ने 17 लाख बच्चों को सीधे तौर पर राहत दी है। वहीं अनुदानित मदरसों के 8558 शिक्षको एवं अन्य स्टॉफ को राहत मिली है।

# हरियाणा में मंत्रिमंडल का गठन असवैधानिक

## हाई कोर्ट में दी गई चुनौती, केंद्र और राज्य से जवाब तलब

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या के 15 फीसदी से ज्यादा मंत्री बनाए जाने के खिलाफ पंजाब एवं हरि ?याणा हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस पर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार को जवाब तलब किया है। सुनवाई के दौरान हरियाणा के एडवोकेट जनरल ने पीठ को बताया कि इस विषय पर पहले भी एक याचिका दायर की गई थी और सरकार ने उसमें जवाब दायर कर रखा है। सरकार के इस जवाब पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागु एवं जस्टिस अनिल खेत्रपाल की खंडपीठ ने इस याचिका को पहले से विचाराधीन याचिका के साथ 19 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सभी पक्षों को अगली सुनवाई पर अपना पक्ष रखने का भी आदेश दिया। एडवोकेट जगमोहन सिंह भट्टी ने याचिका दायर कर बताया कि संविधान के 91वें संशोधन के तहत राज्य में कैबिनेट मंत्रियों की संख्या विधानसभा के कुल विधायकों की संख्या का 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती है। हरियाणा विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 90 है। ऐसे में संविधान संशोधन के अनुसार कैबिनेट में अधिकतम मंत्री 13.5 हो सकते हैं लेकिन हरियाणा में इस समय 14 मंत्री हैं, यह संविधान के संशोधन का उल्लंघन है। याचिका में भट्टी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, अनिल विज, कृष्णलाल पंवार, राव नरबीर, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी, आरती राव, राजेश नागर और गौरव गौतम के अलावा केंद्र सरकार और हरियाणा विधानसभा को भी प्रतिवादी बनाया है। उनका आरोप है कि हरियाणा सरकार ने जो मंत्री पद और कैबिनेट रैंक बांटी है।

# दिल दहलाने वाली घटना, कार में खेलते-खेलते मौत के मुंह में चले गए चार भाई-बहन

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अमरेली जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना में चार बच्चों की कार में दम घुटने से मौत हो गई। घटना ग्राम रंधिया में हुई, जहां बच्चे खेलते समय कार के अंदर फंस गए थे। ये बच्चे धार जिले के टांडा के ग्राम खड़ी आंबा के निवासी थे, जिनके माता-पिता कुछ दिन पहले ही मजदूरी के लिए अमरेली आए थे। पुलिस के अनुसार, बच्चों में से एक के हाथ में मकान मालिक की कार की चाबी लग गई थी। इससे बच्चे कार का गेट खोलकर अंदर चले गए, लेकिन बाद



में कार अचानक लॉक हो गई। शाम तक जब बच्चों का पता नहीं चला, तो उनकी तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद चारों बच्चों के शव कार के अंदर मिले। मृतकों में 7 साल की सुनीता, 5 साल की सावित्री, 2 साल का कार्तिक और 5 साल का विष्णु शामिल हैं। मृतकों के पिता सोभिया के कुल सात बच्चे हैं। कार मालिक भरतभाई ने कहा कि यह परिवार मजदूरी करने आया था और वे उनके मकान में रहते थे। उन्होंने बताया कि वह रोज की तरह कार पार्क करके चले गए थे, लेकिन नहीं समझ पाए कि बच्चों के हाथ कैसे चाबी लग गई। इस घटना ने एक गहरा सबक दिया है। ऐसे में परिवार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है कि बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें। घटना के बाद कार को काटकर बच्चों के शव निकाले गए। पिता सोभिया ने कहा, शुरुआत में हमें लगा कि बच्चे सो रहे हैं, लेकिन जब उन्हें छुआ तो पता चला कि वे ठंडे पड़ चुके थे।

## सलमान को जान से मारने की एक और धमकी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को मंगलवार को जान से मारने की एक और धमकी मिली है जिसमें उन्हें माफी मांगने या जिंदा रहने के लिए पांच करोड़ रुपये देने को कहा गया है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के हेल्पलाइन नंबर पर एक महीने में यह चौथा धमकी भरा संदेश है। मुंबई पुलिस ने कहा कि उन्हें मंगलवार को सुबह करीब 12.30 बजे मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर पर एक संदेश मिला, जिसके बाद वर्ली पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया। उन्होंने कहा, संदेश भेजने वाले ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई बताया। उसने अभिनेता को जिंदा रहने के लिए दो विकल्प दिये- या तो मंदिर में माफी मांगें अथवा पांच करोड़ रुपये दें अन्यथा उनके गिरोह के सदस्य उन्हें मार देंगे।

### यूपी की तरह झारखंड में भी बीजेपी को सत्ता में लाएं

# माफिया को जमींदोज कर देंगे: सीएम योगी

एजेंसी

**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को झारखंड में चुनाव रैली के दौरान हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला। सीएम योगी ने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया और लोगों से भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद माफिया को जमींदोज कर दिया जाएगा। सीएम आदित्यनाथ ने कहा कि उनके गृह राज्य उत्तर प्रदेश में माफिया के खिलाफ ऐसी कार्रवाई



की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह भाजपा ही है जो लोगों को सुरक्षा की गारंटी दे सकती है। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग कहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बन पाएगा, वे देख रहे हैं कि मंदिर भी बन गया और रामलला विराजमान भी हो गए हैं। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश निर्दोष नागरिकों-हिंदुओं को छोड़ने वाले को छोड़ता नहीं है। श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर बने, इसके लिए रामभक्तों ने संघर्ष किया। लाखों रामभक्तों ने बलिदान भी दिया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, राजद, झामुमो राम मंदिर निर्माण के मार्ग में बाधक थे, जैसे ही जनता ने मोदी जी को देश की कमान सौंपी, यूपी में भाजपा सरकार बनी, 500 वर्ष की समस्या का समाधान हो गया। पत्थरबाज पहले कश्मीर में भी थे, अब वे राम नाम सत्य की यात्रा पर जा चुके हैं। 2017 के पहले यूपी में भी पत्थरबाज थे।

# संजय वर्मा महाराष्ट्र का नये डीजीपी होंगे

## चुनाव आयोग ने नियुक्ति को दी मंजूरी

एजेंसी

**मुंबई।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को 1990 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी संजय वर्मा को राज्य के नये पुलिस महानिदेशक पद पर नियुक्त किये जाने को मंजूरी दे दी। आयोग ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की कई शिकायतों पर पूर्व डीजीपी रश्मि शुक्ला को पद छोड़ने के लिए कहने के बाद श्री वर्मा को उनके स्थापर पर नियुक्ति को मंजूरी दी है। श्री वर्मा पूर्णकालिक डीजीपी पद के लिए उम्मीदवारों की सूची में सबसे आगे थे। वह वर्तमान में कानूनी और तकनीकी महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं तथा अप्रैल 2028 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। वह अनुभवी कानून प्रवर्तन अधिकारी हैं जो वर्तमान में डीजीपी (कानूनी और तकनीकी) के रूप में राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के प्रमुख हैं और उन्हें साक्ष्य के संग्रह एवं संरक्षण के लिए फोरेंसिक बुनियादी ढांचे को उन्नत करने का श्रेय दिया जाता है। सुश्री शुक्ला को राज्य सरकार ने सीधे हटाने के बजाय छुट्टी पर रखने का विकल्प चुना। उनका का कार्यकाल विवादों से भरा रहा है, जिसमें विभिन्न राजनेताओं की टेलीफोन टैपिंग से संबंधित तीन एफआईआर शामिल हैं। महाराष्ट्र की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने चुनाव आयोग को तीन आईपीएस अधिकारियों का एक पैनल सौंपा था, जिसमें मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फनसालकर, श्री वर्मा और रितेश कुमार शामिल थे।

### डीजीपी की नियुक्ति के निर्णय पर अखिलेश ने योगी सरकार पर कसा तंज

# लखनऊ-दिल्ली में सब कुछ ठीक नहीं

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी की नियुक्ति के लिए नई नियमावली को मंजूरी दे दी गई है। नए नियमों के मुताबिक, डीजीपी की नियुक्ति कम से कम दो साल के लिए की जाएगी और डीजीपी की नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में एक नामांकन समिति का गठन किया जाएगा।

नई नियमावली के मुताबिक, डीजीपी की नियुक्ति तभी होगी जब अधिकारी की सेवा में कम से कम 6 महीने बचे हों। हालांकि, योगी सरकार के इस फैसले को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव हमलावर हो गए है। अखिलेश यादव ने कहा कि कार्यवाहक-डीजीपी की यह जो नई



परंपरा इस राज्य में शुरू हुई है - सभी अधिकारी दुखी हैं क्योंकि उन्हें मौका नहीं मिला। यह अपने पसंदीदा व्यक्ति को पद पर बिठाने के लिए किया गया है। इससे पहले अखिलेश ने एक्स पर लिखा कि सुना है किसी बड़े अधिकारी को स्थायी पद देने और और उसका कार्यकाल 2 साल बढ़ाने की व्यवस्था बनायी जा रही हैज सवाल ये है कि व्यवस्था बनानेवाले खुद 2 साल रहेंगे या नहीं। कहीं ये दिल्ली के हाथ से लगाम अपने हाथ में लेने की कोशिश तो नहीं है। दिल्ली बनाम लखनऊ 2.0। राज्य मंत्रिमंडल ने सोमवार को अपनी एक बैठक में 'पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश के पुलिस बल प्रमुख) चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024' को मंजूरी दी। उन्होंने बताया इस नियमावली का मकसद पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के लिए एक स्वतंत्र और पारदर्शी तंत्र स्थापित करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह चयन 'राजनीतिक या कार्यकारी हस्तक्षेप' से मुक्त हो और उत्तर प्रदेश की विशिष्ट दशाओं तथा पुलिस प्रणाली की आवश्यकताओं के अनुरूप भी हो।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

YouTube shakuntimes

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरूद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकरी के लिए

अपना नाम व जिला हमें WhatsaApp करें।

9935781155, 9415052283


# यूपी में 11 जिलों में बनेंगे टेक्सटाइल पार्क

## 726 करोड़ की लागत से प्रदेश का पहला निजी टेक्सटाइल हब शामली में होगा स्थापित

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल हब बनाने के लिए 11 नए निजी टेक्सटाइल पार्क बनाए जाएंगे। यह टेक्सटाइल पार्क गोरखपुर, मऊ, भदोही, अलीगढ़, बागपत और शामली आदि जिलों में बनाए जाएंगे। इससे चीन सहित अन्य देशों या दूसरे प्रदेशों से यूपी को रॉ मटेरियल आदि नहीं मंगाने पड़ेंगे।

शामली जिले में 726 करोड़ की लागत से प्रदेश का पहला निजी टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जाएगा। प्रमुख सचिव हथकरघा एवं



वस्त्रोद्योग आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश में 11 निजी टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से रॉ मटेरियल से लेकर विभिन्न वस्त्र आदि बनाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग नीति- 2022 के तहत प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग आलोक कुमार की अध्यक्षता में शासकीय स्वीकृति समिति की बैठक में निजी टेक्सटाइल पार्क के विकास के लिए आयनेक्स टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड सैद्धान्तिक स्वीकृति दी गई। पार्क के निवेशकर्ता द्वारा करीब 126.61 करोड़ रुपये की लागत से आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। पार्क अगले साल दिसम्बर तक क्रियाशील होगा, जिसमें 600 करोड रुपए का निवेश और 5000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। प्रस्तावित पार्क शामली के कैराना तहसील के गांव झिंझाना में 26.75 एकड़ भूमि पर बनेगा, जिसमें वीविंग, डाईंग, प्रिंटिंग और गारमेंटिंग इकाइयों सहित कुल 17 इकाइयां लगेंगी। पार्क में प्रशासनिक भवन, बैंक/एटीएम, प्रशिक्षण एवं परीक्षण केंद्र, विश्राम गृह, कैंटीन, फर्स्ट एड सेंटर जैसी सामान्य सुविधाओं के साथ-साथ डामर सड़क नेटवर्क (स्ट्रीट लाइटिंग के साथ), जल आपूर्ति प्रणाली, सीवरेज सिस्टम, वर्षा जल निकासी प्रणाली, सीवेज उपचार संयंत्र, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज, संयुक्त अपशिष्ट उपचार संयंत्र बॉयलर, जल और भाप वितरण प्रणाली, विद्युत वितरण प्रणाली एवं वेट ब्रिज जैसी सामान्य बुनियादी सुविधाएं भी होंगी।

# चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाई जाएगी छठ पर्व

शकुन टाइम्स संवाददाता



**महाराजगंज।** पहले दशहरा फिर दीपोत्सव में शहर में पूरी शांति, सुरक्षा और आपसी प्रेम सौहार्द कायम रखने के बाद महाराजगंज पुलिस ने अब *छठ पूजा के आयोजन* के लिये अपनी कमर कस ली है। दीपोत्सव के अंतिम दिन से ही पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना जिला प्रशासन व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिये निरीक्षण पर निकल पड़े। जहां सुधार की जरूरत दिखी वहां निर्देश दिये जहां कमी दिखी वहां फटकार लगाकर जल्द सुधार करने का अल्टीमेटम भी दिया। लोक आस्था के *पर्व छठ पूजा के त्योहार के लिये महाराजगंज* में आगामी छठ पर्व के लिए सुरक्षा तैयारियों को लेकर महाराजगंज पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर व्यापक प्रबंध किए हैं। त्योहार को *शांतिपूर्ण, सुरक्षित, और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल ने विशेष उपाय अपनाए हैं। जनपद में यह आयोजन करीब साढ़े पांच सौ स्थानों पर किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ बैठक करके आयोजन स्थलों की बारीकी से समीक्षा की और बुधवार तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन पर खास ध्यान देने के लिए प्रत्येक छठ घाट पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद से सभी घाटों की निगरानी की जाएगी ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। सभी सुरक्षा बलों को अलर्ट मोड में रखा गया है। पीएसी के मोटर बोट और प्रशिक्षित गोताखोरों को भी घाटों पर तैनात किया गया है ताकि कोई भी अप्रिय घटना होने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए प्रत्येक आयोजन स्थल पर बैरिकेडिंग और पार्किंग की उचित व्यवस्था की गई है।

# स्काउट गाइड द्वारा नैतिक मूल्य सीखने को मिलता है



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** पंडित त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी किसान इंटर कालेज आभूराम तुर्कवलिया में मंगलवार को स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ।

विद्यालय के प्रबंधक इंजी. एएन त्रिपाठी और प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार द्विवेदी ने कहा स्काउट गाइड के द्वारा जीवन का नैतिक मूल्य सीखने को मिलता है ।

जो हमें बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। जिला स्काउट गाइड प्रशिक्षण आयुक्त ओम प्रकाश उपाध्याय और शिक्षक डॉ. शोभित श्रीवास्तव ने भी अपने सम्बोधन में कहा जीवन में संस्कार व नैतिक मूल्यों को अपनाना चाहिए। इसके बाद स्काउट गाइड ट्रेनर आदित्य ने प्रशिक्षण देना प्रारंभ किया।

## संक्षिप्त सामाचार

### यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून-2004 को वैध व संवैधानिक करार दिए जाने का स्वागत- जिलाध्यक्ष बसपा

**गोरखपुर।** माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा अहम फैसले में यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून- 2004 को वैध व संवैधानिक करार दिए जाने के फैसले का स्वागत किया गया। इससे यूपी में मदरसा शिक्षा को लेकर उपजे विवाद व हजारों मदरसों की अनिश्चितता को अब निश्चय ही समाप्त होने की संभावना है। लेकिन इस पर सही से अमल करना जरूरी है। मा. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब खासकर यूपी के मदरसों को मान्यता मिलने और उनके सुचारू संचालन में स्थायित्व आने की संभावना है। अदालत ने कहा कि मदरसा एक्ट के प्रावधान संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हैं और ये धार्मिक अल्पसंख्यकों के शैक्षिक अधिकारों की सुरक्षा करते हैं। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट की 9-जजों की बेंच द्वारा हर निजी सम्पत्ति को संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के तहत सामुदायिक सम्पत्ति का हिस्सा नहीं मानना व इसका अधिग्रहण करने से रोकने के फैसले का भी स्वागत किया। अब तक सरकार के पास आम भलाई हेतु सभी निजी सम्पत्तियों को अधिगृहित करने का अधिकार था।

### मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**महाराजगंज।** दिनांक 05/11/2024 को आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और सिसवा विधानसभा 317 के प्रभारी जाहिद अली के नेतृत्व मे पार्टी कार्यकर्ताओं ने निचलौल तहसील पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित ज्ञापन एसडीएम निचलौल को दिया और मांग किया कि गडौरा चीनी मिल पर क्षेत्र के किसानों का करोड़ो रूपए बाकी है जो मिल मालिक द्वारा किसानों का बकाया गन्ने का मूल्य भुगतान नहीं किया गया जिससे किसान काफ़ी परेशान है।

समस्या को देखते हुए तत्काल गन्ने का बकाया मूल्य भुगतान किया जाए और कई वर्षों से गेडौरा चीनी मिल बंद है मिल बंद होने के कारण क्षेत्र के किसानों को अपना गन्ना दुसरे जिले में तथा नेपाल के मिलो पर गिराने को मजबूर है या सस्ते दामों पर बेचने को मजबूर है किसानों को गन्ने का उचित मूल्य नहीं मिल रहा अगर मिल चालू रहता तो किसानों का गन्ना आसानी से गिरता मिल बंद होने से क्षेत्र के किसान काफ़ी दुखी है किसानों के परेशानी को देखते हुए तत्काल बंद चीनी मिल चालू कराई जाए प्रदर्शन के दौरान राधेश्याम यादव,अलगू चौधरी, खुर्शीद मलिक, दशरथ, विजय, विद्यासागर, समसुदूदीन, गीता, रेखा, सलहंती, आबिद अली, राम अचल, आमानुल्लाह, मुर्तुजा, विशाल, अली मुहम्मद सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे

### वकीलों के हड़ताल से हलकान रहे वादकारी

**श्रावस्ती।** गाजियाबाद के वकीलों के समर्थन में दूसरे दिन भी वकीलों ने विरोध प्रदर्शन व कलमबंद हड़ताल जारी रहा है । घायल वकीलों का इलाज व उन पर दर्ज कराये गये मुकदमे की वापसी की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। लगातार दूसरे दिन भी हड़ताल होने से वादकारी हलकान रहे। दूर दराज से आए वादकारियों को बिना मुकदमे की सुनवाई के मायूस होकर लौटना पड़ा। मंगलवार को अधिवक्ता संघ इकौना अध्यक्ष पवन मिश्रा व महामंत्री श्रीधर द्विवेदी के संयुक्त नेतृत्व में गाजियाबाद जिला जज की अदालत पर वकीलों के ऊपर हुए हमले को लेकर वकीलों ने लगातार दूसरे दिन भी कलमबंद हड़ताल कर गाजियाबाद के वकीलों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित वकीलों ने कलमबंद हड़ताल व विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर भत्सर्ना की। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष ए के सिंह,उदय राज तिवारी, वंश राज शुक्ल,पी पी मिश्र, बुद्धि सागर मिश्र, सुरेन्द्र कुमार मिश्र, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, विजय श्रीवास्तव, राजेन्द्र प्रसाद गाजियाबाद के वकीलों के समर्थन में आज दुसरे दिन हड़ताल जारी रखा।

# बीडीओ ने पढ़ाया संविधान का पाठ



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** जंगल कौड़िया के बीडीओ सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने मंगलवार को क्षेत्र के रसूलपुर चकिया गांव का दौरा किया और वहां के विकास कार्यों की समीक्षा ग्राम प्रधान और तकनीकी सहायक के साथ की। इसके बाद यह भ्रमण करते हुए गांव के परम ज्योति इंटर कॉलेज पहुंचे जहां इन्होंने स्कूली बच्चों को संविधान की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत स्थानीय स्वशासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में सबसे निचले स्तर की संस्था है। इसके बाद इन्होंने विभिन्न अधिकारियों के कार्यों और कर्तव्यों को बताया। इन्होंने बच्चों से सामान्य ज्ञान और विज्ञान विषय के प्रश्न पूछे और सही उत्तर देने वाले बच्चों को कलम देकर सम्मानित करते हुए शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। विद्यालय से जाते समय उन्होंने सभी को देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रबंधक फूलचंद सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर सिंह, निदेशक रवि प्रताप सिंह, अलीम, दीनबंधु सिंह, पलटुराम सहानी और ओम दत्त पांडे उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की नहीं होनी चाहिए दिक्कत : एसपी रेलवे

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** आस्था के महापर्व छठ को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशनों पर आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो भीड़भाड़ की वजह से आने जाने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए पुलिस अधीक्षक रेलवे संदीप कुमार मीना रेलवे स्टेशन गोरखपुर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आगामी छठ त्यौहार की पूर्व संध्या पर यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत चलाये गए चेकिंग अभियान में जीआरपी अनुभाग गोरखपुर के 10 थानों में थानाध्यक्ष व आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा तथा रेलवे स्टेशन गोरखपुर मे स्वयं उपस्थित रहते हुए पुलिस उपाधीक्षक रेलवे बलिया सविरत्न गौतम व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे गोरखपुर विनोद कुमार के साथ प्रभारी निरीक्षक गोरखपुर, रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर, मय चेकिंग स्टाफ व उपलब्ध संसाधनों डाग स्क्वॉयड, एच0एच0एम0 डी, अपराध सूचना शाखा रे0सु0ब0 गोरखपुर, विशेष असूचना शाखा रे0सु0ब0 गोरखपुर व एस- चेक टीम, बी0डी0डी0एस0 टीम के साथ रेलवे स्टेशन गोरखपुर का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए चेकिंग की गयी। एसपी रेलवे द्वारा जीआरपी थाना गोरखपुर, महिला हेल्प डेस्क पुलिस बूथ और आरपीएफ कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर उपस्थित सभी कर्मचारियों को सतर्क रहकर ड्यूटी संपादित करने हेतु ब्रीफ करते हुये थाना निरीक्षण में पायी गयी कमियों को दूर करने हेतु थाना प्रभारी गोरखपुर को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात ट्रेनों में उपस्थित यात्रियों को त्योहार के दृष्टिगत किसी अनजान व्यक्ति से किसी भी प्रकार का पेय पदार्थ या खाने पीने की वस्तु न लेने प्रेरणा दी गई। जिससे वे अपनी यात्रा सकुशल पूर्ण कर सकें और सुरक्षा के दृष्टिगत यात्रियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी से भी अवगत कराया गया। प्लेटफार्म, ट्रेन, सर्कुलेटिंग, आउटर, पार्किंग वेटिंग हॉल आदि का पैदल गस्त व चेकिंग किया गया।

जीआरपी थाना प्रभारी गोरखपुर को निर्देशित किया गया कि स्टेशन पर केवल रजिस्टर्ड वेंडर व दुकानदारों द्वारा ही सामान की बिक्री सुनिश्चित की जाए।

# छठ पूजा के मद्देनजर घाटों का ब्लॉक प्रमुख ने किया निरीक्षण



शकुन टाइम्स संवाददाता

**पनियरा /महाराजगंज।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में मनाए जाने वाला छठ पर्व इस बार 6 नवंबर को बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया जाएगा। इसकी शुरुआत 5 नवंबर से होगी। इस पर्व को लेकर पनियरा क्षेत्र के श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। तालाबों और घाटों पर वेदिया बन गई है। मंगलवार को पनियरा क्षेत्र के विभिन्न घाटों का ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला ने निरीक्षण किया और उसकी साफ सफाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी अमरनाथ पांडे, सहायक विकास अधिकारी गुड्डू प्रसाद, एपीओ अवनीश शुक्ला, पूर्व प्रमुख जय नाथ सिंह ,अमरजीत यादव, वीरेंद्र यादव, राजू सिंह ,अनिल यादव ,मनोज यादव ,नीरज कुमार मौजूद रहे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट के पूर्व ट्रॉफी का हुआ अनावरण

**08 नवंबर से होगा प्रतियोगिता का आगाज**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बड़हलगंज/गोरखपुर।** नेशनल स्पोर्टिंग क्लब बड़हलगंज के तत्वावधान में आगामी 08 नवम्बर शुक्रवार से आयोजित होने वाले आल इण्डिया फुटबॉल प्रतियोगिता की चमचमाती ट्रॉफी का अनावरण पूर्व विधायक चिल्लूपार विनय शंकर तिवारी ने समिति के सदस्यों के साथ मंगलवार को किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विजेता व उप विजेता टीम को प्रदान करने वाली ट्रॉफी का विधि-विधान से पूजन कर अनावरण कराया। ट्रॉफी अनावरण के मौके पर पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने कहा कि इस फुटबॉल टूर्नामेंट को ऐतिहासिक बनाने के लिए समिति के लोग जिस तरह से जी जान से जुटे हैं,उन्हें सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। आज यहां के बच्चे स्टेट व नेशनल खेल रहे हैं, यह नेशनल स्पोर्टिंग क्लब की देन है। अध्यक्ष योगेश राय ने बताया कि प्रतियोगिता में कलकत्ता, दिल्ली, मुंबई, खैराबाद, मध्यप्रदेश 11 , लखीमपुर-खीरी, कुशीनगर व बड़हलगंज की टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर समिति के संरक्षक इम्तियाज अहमद व श्रवण जायसवाल, अध्यक्ष योगेश राय, संयोजक रामनगीना यादव, परमानंद दूबे, अजय दूबे,आर बी यादव, हीरा, चुन्ने, मनीष, नीरज तिवारी, सरफराज अहमद, मुरारी लाल,युसूफ, बमबम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# ईट भट्टे के मुनीब से लूट के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, रुपये बरामद

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के डेढ़गावा स्थित ईट भट्टे के मुनीब से हुई लूट की घटना का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से असलहा, मोबाइल सहित लूट के 80 हजार रुपये भी बरामद किया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में दोनों को न्यायालय से जेल भेज दिया।

मामले की जानकारी देते हुए सीओ रघुराज ने बताया कि सोमवार को दो अभियुक्त डेढगावा स्थित संतोष सिंह के भट्टे पर बाइक से पहुँचे और वहा मौजूद मुनिब से हाथापाई करते हुए असलहा दिखाकर 81 हजार रुपया लूट लिए।और जाते समय चालक वकील खरवार से यह कहते हुए गए कि अपने मालिक से शाम तक पाँच लाख रुपये भेज देने के लिए बोला देना नही तो गोली मार देंगे।लूट की इस घटना से हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। मंगलवार को सुबह धरहरा नहर पुलिया से लूट के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी आवाजापुर गांव निवासी बिजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बच्चा सिंह का पुत्र अभिषेक सिंह उर्फ लल्ला और दूसरा वाराणसी के फूलपुर थाना के हरिनाथपुर गांव निवासी योगेंद्र प्रताप सिंह का पुत्र सूर्यांश उर्फ तन्नू है। गिरफ्तारी टीम में कोतवाल संजय कुमार सिंह,जनक सिंह,अवधेश कुमार, मुकेश कुमार, प्रश्विन कुमार,रणविजय रहे।

# सांप काटने से युवती की मौत

शकुन टाइम्स संवाददाता



**ग़ाज़ीपुर।** सेवराई गहमर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव के बस स्टैंड पर घर में सो रही एक युवती को विषैले सांप ने डँस लिया। जिस कारण इलाज के लिए ले जाते समय उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया वहीं मां गंगोत्री देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। सेवराई गांव के भदौरा बस स्टैंड पर डॉक्टर बलवंत राय अपनी पत्नी गंगोत्री देवी एवं बेटे और बेटियों के साथ मकान बनाकर रहते हैं। परिजनो के अनुसार रात में खाना खाकर सभी परिवार के सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान उनकी पुत्री आराधना राय 17 साल और सौम्या राय एक ही बेड पर सोई हुई थी तभी रात के 2:00 बजे के करीब एक सांप आराधना राय को सोते समय ही डंस लिया जिस कारण उसका शरीर गर्म होने लगा। उसने इसकी जानकारी अपनी बहन को बताई तो बहन ने अपने पिता को घटना बताया। कमरे का लाइट जलने पर कमरे से एक विषैला काला सांप निकालकर बाहर जाते दिखाई दिया। परिवार वालों ने आनन फानन में युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के लिए ले जाते समय युवती की मौत हो गई।मौत के बाद पारिवारिक जनों सहित आसपास के लोगों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया एवं अन्य विधिक कार्रवाई में जुट गई।

# डीएम व एसएसपी ने छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर राप्ती नदी के राजघाट ( रामघाट ) गोरखनाथ मंदिर के मानसरोवर का अपने सहयोगियों नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह सिटी मजिस्ट्रेट हिमांशु वर्मा के साथ घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आज मंगलवार को छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का जायजा डीएम व एसएसपी ने लिया। उन्होंने राप्ती नदी के राजघाट पर बने रामघाट गोरखनाथ मंदिर के भीम सरोवर घाट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने घाटों पर चल रही सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों के बारे में जाना व संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया।डीएम ने घाटों पर साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था, घाटों की बैरिकेडिंग की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर एकत्र होते हैं, ऐसे में स्वच्छता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की टीमें, प्रशिक्षित गोताखोर, और नाव की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। सुरक्षा की दृष्टि से जिलाधिकारी ने घाटों पर प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा, कि छठ पर्व पर कई श्रद्धालु पूरी रात घाटों पर रुकते हैं, ऐसे में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था होना अनिवार्य है। इसके लिए जनरेटर की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए ताकि रात में पर्याप्त प्रकाश बना रहे। उन्होंने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही के लिए बैरिकेडिंग की जांच की और श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने को कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने कहा कि छठ पूजा के मद्देनजर सुरक्षा तैयारियों भीड़ नियंत्रण व सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। चैन स्नैचिंग, पॉकेटमारी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही, सीसीटीवी कैमरों से घाटों की लगातार निगरानी की जाएगी। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने श्रद्धद्द दिए गए दायित्वों का अधिकारी व कर्मचारी पूरा पालन

### जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी जनसमस्याएं

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को एक सप्ताह के अन्दर निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता कदापि क्षम्य नही की जाएगी।

# आखिर किसके चक्कर में आकर युवक ने पत्नी और तीन बच्चों की गोली मारकर कर दी हत्या

## पति का भी मिला लाश, हत्या या आत्महत्या ?, जांच में जुटी वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस



बजरंग बली तिवारी







शकुन टाइम्स

**वाराणसी।** वाराणसी के भदैनी इलाके में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। शराब कारोबारी राजेंद्र गुप्ता नामक युवक ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को गोली मारकर उनकी देर रात हत्या कर दी। मृतकों में पत्नी नीतू गुप्ता (45 वर्ष), बेटा नवनीत गुप्ता (25 वर्ष), बेटा सुभेंदर गुप्ता (15 वर्ष) और बेटी गौरंगी गुप्ता (16 वर्ष) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, आरोपी राजेंद्र गार्ड के साथ कई हत्या के मामले में जेल भी जा चुका था। बताया जा रहा है कि प्रथम दृष्टया सामने आई है कि राजेन्द्र किसी तांत्रिक के संपर्क में था। राजेंद्र तंत्रिका के कहने पर वह अपनी पत्नी को अपने काम में बाधा मानने लगा था, इस कारण वह पत्नी से दूसरी शादी को लेकर भी अक्सर बहस करता था। घटना के बाद राजेंद्र गुप्ता की वृद्ध मां घर पर मौजूद थी, लेकिन उम्र अधिक होने की वजह से वे हिल-डुल पाने में असमर्थ हैं। राजेंद्र के मकान में करीब 15 से 20 किराएदार रहते हैं, लेकिन किसी को भी इस वारदात का अंदेशा भी नहीं हुआ। सूचना मिलते ही वाराणसी पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल समेत भेलूपुर थाने के इंस्पेक्टर और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और जांच में जुटे थे कि इधर, खोजबीन के बीच ही राजेन्द्र का शव घटनास्थल से 10 किलोमीटर दूर रोहनिया के सदलपुर-लठियां स्थित निर्माणाधीन मकान में मिला। उसकी हत्या की गई या आत्महत्या, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। मौके पर पुलिस कमिश्नर भी पहुंचे व फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच पड़ताल में जुट चुकी है।

# 5 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 13 टायर बरामद

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** चोरी की घटनाओ के वांछित फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना भेलूपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत टायर चोरी के मुकदमों से संबंधित चोरी के 13 टायरों के साथ 5 अभियुक्त राहुल पुत्र संतोष दास नि0 सब्जी मंडी मडुवाडीह शारदा विद्यामंदिर के पास किराये पर थाना मडुवाडीह, आकाश सेठ पुत्र शिवबिहारी सेठ निवासी ओपल हास्पिटल के सामने पप्पू पटेल के मकान में किराये पर महमूरगंज थाना भेलूपुर, आर्यन उर्फ अवधेश कुमार पुत्र स्व0 लखंदर प्रसाद म0नं0 399 आदर्श नगर कालोनी एलआईसी गली महमूरगंज थाना मडुवाडीह, कल्लू पटेल पुत्र गुलाम पटेल नि0 ककरमत्ता जेपीएस नगर कालोनी (अजय पंडित के किराये के मकान में) थाना भेलूपुर व सोनू गुप्ता पुत्र गणेश गुप्ता नि0 सोना तालाब वाटर पार्क बहादुर के मकान में थाना लालपुर पाण्डेयपुर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस से पूछताछ में अभियुक्त सोनू ने बताया कि हम पांचो का एक गिरोह हैं, जिसका मुखिया मैं ही हूं हम सभी आपस में मिल कर आटो रिक्शा वाहनों के टायर/स्टपनी रिम व अन्य चोरियाँ करते है तथा ग्राहकों की तलाश कर उचित दाम लगाकर बेच देते है तथा प्राप्त धन को आपस में बाँट लेते है, दिपावली का त्यौहार चल रहा था इसलिये हम ने अपने साथियों के साथ शहर के भिन्न स्थानो पर खडी हुई आटो रिक्शा के चक्का खोल कर चोरी किया था, बरामद टायरों के सम्बंध में क्रमशः पूंछा गया तो सोनू ने बताया कि हम सभी ने मिलकर टायरों (चक्का) जानकी नगर कालोनी, बडी पटिया बजरडीहा, श्यामानगर कालोनी महमूरगंज व भिन्न-भिन्न स्थानों से चोरी किया था।गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस विजय कुमार शुक्ला प्रभारी निरीक्षक थाना भेलूपुर, उ0नि0 सौरभ तिवारी, उ0नि0 रोहित त्रिपाठी, उ0नि0 संदीप सिंह, उ0नि0 दीपक कुमार, उ0नि0 दिवेश, का0 अशोक मौर्या, का0 संदीप सिंह, का0 विवेकानन्द शर्मा, का0 सुनील रजक, का0 श्यामु टीम रही।

# अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन द्वारा थाना कपसेठी का किया गया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

शकुन टाइम्स संवाददाता





**वाराणसी।** अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा थाना कपसेठी का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सलामी गार्द में लगे पुलिसकर्मियों का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर की साफ-सफाई, शस्त्रों की सफाई, लावारिस वाहनों व मालों का निस्तारण करने व साफ-सफाई को उच्चकोटि का बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।थाना कार्यालय का गहनतापूर्वक निरीक्षण करते हुए रजिस्टरों/रिकार्डों को अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही मालखाना, बन्दीगृह, भोजनालय, आरक्षी आवास, बैरकों व सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण किया गया।महिला हेल्प हेस्क का निरीक्षण करते हुए हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षी को प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के नियमित रूप से फीडबैक लेने व पब्लिक ग्रीवांस पोर्टल पर फिडिग करने हेतु निर्देशित किया गया। आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों को भौतिक सत्यापन करते हुए समयबद्धता, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कपसेठी व अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# नहाए खाय के साथ ही शुरू हुआ छठ महापर्व का अनुष्ठान

## आज होगा खरना, कल दिया जाएगा पहला अर्घ्य

शकुन टाइम्स संवाददाता





**जौनपुर।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की शुरुआत हो गई। कुछ दिन से व्रती व उनके परिजनों द्वारा दौरी, फल और पूजा में उपयोग होने वाली सामानों की खरीददारी जा रही थी। मंगलवार को भी फलवाली गली ओलंदगंज, बदलापुर पड़ाव, मछलीशहर पड़ाव, चहारसू, कोतवाली, कचहरी समेत कई प्रमुख चौराहों, तिराहों पर फलों की दुकानें सज गई थीं जहां पर लोग खरीदारी करने में जुटे हुए हैं। छठ के पहले दिन नहाय खाय की परंपरा होती है। इस दिन व्रती सुबह नहाकर सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। नहाय खाय के साथ शुरू होकर यह पर्व उषा अर्घ्य के साथ समाप्त होता है। चार दिनों तक व्रत से जुड़े कई नियमों का पालन किया जाता है इसदिन महिलाएं गंगा जल से ही भात-चने की दाल और लौकी का प्रसाद बनाती हैं। हालांकि जहां पर गंगाजल उपलब्ध नहीं है वहां पर व्रती महिलाएं वाराणसी, इलाहाबाद से गंगाजल मंगवा लेती हैं ताकि पूजा में कोई अड़चन न आने पाए। इस दौरान नगर के प्रमुख घाटों विसर्जन घाट, गोपी घाट, हनुमान घाट, गुलरघाट, केरारवीर घाट समेत शहर के सभी घाटों पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इस अनुष्ठान के पहले दिन छठ व्रती सूर्य भगवान का जलाभिषेक करती हैं। उसके बाद अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का महाप्रसाद बनाया जाता है। इस महाप्रसाद को पहले सूर्य देवता को अर्पित किया जाता है। उसके बाद छठ व्रती इस प्रसाद को ग्रहण करती हैं। फिर सभी को महाप्रसाद का वितरण किया जाता है। छठव्रतियों ने बताया कि कद्दू भात के बाद बुधवार को खरना है और गुरुवार को पहला अर्घ्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महाव्रत का समापन हो जाएगा।

## संक्षिप्त सामाचार

### चेतगंज पुलिस द्वारा 2 वारण्टी गिरफ्तार

**वाराणसी।** चेतगंज प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में वांछित/एनबीडब्लू के अपराधियों के निवास व मिलने वाले सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गयी, दबिश के दौरान दो वारण्टी प्यारेलाल पुत्र स्व0 जगरनाथ प्रसाद व संजय पुत्र प्यारेलाल निवासीगण सी 2/108 मोहल्ला हंकारटोला थाना चेतगंज को गिरफ्तार किया।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वाराणसी ।** पुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट थाना शिवपुर से संबंधित वांछित अभियुक्त नीरज कुमार पुत्र पप्पू निवासी कोईरान चमांव थाना शिवपुर को जे0आर0सी0 भट्टा के पास तरना थाना शिवपुर से गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की गई।

### 1.830 ग्राम अवैध स्मैक पाउडर के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**वाराणसी।** सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त बिरजू यादव उर्फ विजय बहादुर यादव पुत्र स्व0 जंगबहादुर यादव निवासी ग्राम हथियर खुर्द थाना चोलापुर को बाबतपुर पुल के पास से 1.830 ग्राम नाजायज स्मैक पाउडर के साथ गिरफ्तार कर एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत करते हुए अग्रेतर विधिक कार्यवाही की गई।

### कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फाइनेन्स करने वाला वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वाराणसी।** थाना सिंधौरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत कुटरचित दस्तावेज तैयार कर फाइनेंस करने में वांछित अभियुक्त मुकेश राही पुत्र राम जन्मराम निवासी हाल पता बेलवा बाबा सब्जी मंडी जनपद वाराणसी मूल पता टीटीएस 1/46 एनटीपीसी कॉलोनी सिंगरौली मध्य प्रदेश को मुखबिर की सूचना पर खन्ना रेडियोज पहड़िया थाना लालपुर पाण्डेपुर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

# बीर गाथा प्रतियोगिता में अव्वल बच्चों को दिया गया प्रमाण पत्र

शकुन टाइम्स संवाददाता




**चहनियां/चंदौली।** कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर की छात्राओं को रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा वीरगाथा 4 पर प्रस्तुतीकरण हेतु भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कियागया। छात्राये पोर्टल के माध्यम से प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये थे। राज्य पुरस्कार से सम्मानित प्रधानध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया की भारत सरकार द्वारा वीरगाथा 4 प्रतियोगिता जो रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में बीर गाथा पोर्टल के माध्यम से हुई थी, इसमें कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर की तीन छात्राओं ने प्रतिभाग किया था । भारत सरकार की तरफ से इन तीनों छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पहले प्रतिभागी दीपाली प्रजापति कक्षा 8 की छात्रा ने वीरगाथा 4 में झांसी की रानी के बारे में अपना चित्र प्रस्तुत किया । दीपिका यादव कक्षा 7 ने क्रांतिकारियों की तस्वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद तथा अन्य आजादी के नायकों को चित्रित कर उनके जीवन वृतांत के बारे में विस्तार से बताया । लक्ष्मी मौर्य कक्षा 7 में सिक्स स्टार बनाकर उनके बारे में विस्तार से बताया। इन बच्चों को प्रेरित करने वाली शिक्षिका ममता रानी गुप्ता ने बताया कि बच्चे बहुत ही मनोयोग से ऐसे कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर अपने प्रतिभा को प्रदर्शित करने का कार्य करते हैं।

# चोरी के मुकदमें में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद

शकुन टाइम्स संवाददाता




**वाराणसी।** थाना फूलपुर क्षेत्र दिनांक 07.09.204 को ग्राम दबेथुआ व ग्राम थरी में तथा 05.10.2024 को ग्राम पिण्डरा व ग्राम उसराशहीद में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किया गया जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कर थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा अनावरण करते हुए पूर्व में दो अभियुक्त सूरज यादव उर्फ लल्लू पुत्र अशोक यादव निवासी ग्राम उटरूखुर्द थाना बक्सा जिला जौनपुर व महेन्द्र मौर्या पुत्र रामऔतार मौर्या निवासी ग्राम शोभीपुर थाना चांदा जिला सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है ।उसी क्रम में फूलपुर पुलिस टीम द्वारा उक्त चोरी के मुकदमें में वांछित अभियुक्त चन्दन सोनी पुत्र घनश्याम सोनी निवासी ग्राम बेलापार नौपेडवा, थाना बक्सा, जिला जौनपुर को मुखविर की सूचना पर बिन्दा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी के 7 जोडी पायल, 6 जोडी मीना/ बिछिया, 3 जोडी झुमके, 2 मंगल सूत्र लाकेट, 1 मंगल सूत्र मय लाकेट को बरामद कर पुलिस से अभियुक्त नें पूछताछ के दौरान बताया कि राज सोनी उर्फ रजत पुत्र राजकुमार सोनी निवासी ग्राम भलुवाई थाना बदलापुर जिला जौनपुर मेरा भांजा है, उसके दोस्त सूरज यादव उर्फ लल्लू पुत्र अशोक यादव निवासी ग्राम उटरूखुर्द थाना बक्सा जिला जौनपुर व महेन्द्र मौर्या पुत्र रामऔतार मौर्या निवासी ग्राम शोभीपुर थाना चांदा जिला सुल्तानपुर मिलकर चोरी करते थे और चोरी का समान मुझे बेचने हेतु देते थे ।मेरा भांजा राज सोनी उर्फ रजत व उसके साथी सूरज यादव उर्फ लल्लू पुत्र अशोक यादव निवासी ग्राम उटरूखुर्द थाना बक्सा जिला जौनपुर तथा महेन्द्र मौर्या पुत्र रामऔतार मौर्या निवासी ग्राम शोभीपुर थाना चांदा जिला सुल्तानपुर ने मिलकर थाना फूलपुर वाराणसी के दो घरो मे घुसकर चोरी किये थे ।उस चोरी के आभूषण को उपरोक्त द्वारा मुझे बेचने के लिये दिया था, तथा मेरे भांजे राज सोनी व उसके साथी मिलकर पुनः फूलपुर वाराणसी के दो घरो मे चोरी किये थे उस चोरी के आभूषण भी मुझे बेचने के लिये दिये थे ।उक्त चोरियों के आभूषणों में से कुछ आभूषण राह चलते लोगो को बेच चुका हूँ जिनको मै जानता पहचानता नही हूँ ।जो आभूषण मेरे पास से बरामद हुआ है उसको मै बनारस बेचने जा रहा था ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस उ0नि0 रोहित कुमार पटेल, उ0नि0 गणेश कुमार पटेल, उ0नि0 कृष्ण कुमार वर्मा, हे0का0 दिवाकर गुप्ता, का0 विशाल कुमार टीम रही।

# डीएम ने किया बक्शा ब्लॉक का दौरा स्कूल, अस्पताल का किया निरीक्षण

## आंगनवाड़ी निर्माण पूरा न होने पर मांगा स्पष्टीकरण

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बक्शा /जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी बक्सा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा विभिन्न पटलों का गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि पत्रावलियों का रख-रखाव उचित ढंग से किया जाए और अभिलेख अद्यतन रहे। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका देखा और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि समय से कार्यालय में उपस्थित होते हुए उपस्थित पंजिका पर अपना हस्ताक्षर अवश्य करें। उन्होंने कार्यालय में एकीकृत सामाजिक कल्याण के पोर्टल के अन्तर्गत वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन के सन्दर्भ में जानकारी ली इस दौरान दिव्यांगों के आधार कार्ड की फीडिंग की जा रही थी जिसका निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने दिव्यांग पेंशन के सन्दर्भ में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि शीघ्र अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कर दिव्यांगों को पेंशन का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। कार्यालय में साफ-सफाई पाये जाने पर संतोष जाहिर की। निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण में प्रगति न पाए जाने पर संबंधित कार्यदाई संस्था के अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली दवाई उपलब्ध मिली और निर्देश दिया कि सभी आवश्यक दवा उपलब्ध रहें। बाहर की दवाएं न लिखी जाए। राजकीय पौधशाला बक्सा के निरीक्षण के दौरान उपलब्ध पौधों के संबंध में जानकारी ली और पूछा कि कितने पौधे की बिक्री हो जाती है। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि सभी ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापक के माध्यम से विद्यालयों, पंचायत घरों में आंवला और सहजन के पौधे लगाए जाए ।इसके पूर्व जिलाधिकारी के द्वारा कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवगुलामगंज विकासखंड बक्सा का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 6 में जाकर बच्चों से विज्ञान और गणित के प्रश्न पूछे तथा उन्होंने गणित में भिन्न के सवालों को हल कर बच्चों को बताया। और उन्हें गणित के प्रति प्रेरित किया। इसके पश्चात उन्होंने मिड-डे-मील वितरण के संबंध में जानकारी ली और कहा कि मीनू के अनुसार नियमित रूप से बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाए और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के संबंध में जानकारी ली और पौधे वितरित किए।

### सात नवम्बर को विकास खण्ड सिरकोनी में रोजगार मेले का आयोजन

**जौनपुर।** निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर के तत्वाधान में 07 नवम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे विकास खण्ड सिरकोनी परिसर जौनपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला आयोजित किया जायेंगा। जिसमें अभ्यर्थी प्रतिभाग करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर रोजगार प्राप्त कर सकते है। जिला सेवायोजन अधिकारी एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी0प्रुफ सहित एवं वेब पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण उपरांत आवेदन करते हुए रोजगार हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

# प्रयागराज में हुए दोहरे हत्याकांड को लेकर युवा संघर्ष मोर्चा ने जताया विरोध

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा।** तहसील पर युवा संघर्ष मोर्चा के संरक्षक शैलेन्द्र पाण्डेय कवि के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने विरोध प्रदर्शन किया। और एसडीएम अनुपम मिश्रा को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। इनलोगों का कहना था कि प्रयागराज में हुई दो ब्राम्हणों की हत्या में कड़ी कार्रवाई होनी चहिए ।कहा जल्द न्याय नही मिला तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। युवा संघर्ष मोर्चा के शैलेन्द्र पाण्डेय कवि ने कहा कि प्रयागराज में दो ब्राम्हणों की घटना काफी निदनीय है ।लगातार हो रहे ब्राम्हणों की हत्या से समाज मे काफी रोष है। इनका कहना था कि लगातार विप्र समाज के ऊपर सामूहिक हत्याकांड के मामले सामने आ रहे हैं पिछले वर्ष देवरिया में दुबे परिवार की हत्या हुई थी। अभी प्रदेश इस घटना से उबर ही नहीं पाया था तब तक प्रयागराज में घटना से विप्र समाज के अंदर असुरक्षा की भावना घर कर रही है। जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। बहराइच में गोपाल मिश्रा की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण थी उक्त घटना की न्यायिक जांच के लिए तथा दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए तत्काल शासन को ठोस कदम उठाने जाना आवश्यक है। युवा संघर्ष मोर्चा के शैलेंद्र पांडेय एडवोकेट ने बताया कि विप्र समाज के ऊपर अगर अत्याचार बंद नहीं हुआ तो आने वाले समय में समाज को सही दिशा देने वाला ब्राह्मण जब अपनी सुरक्षा के लिए संघर्ष करेगा तो समाज को दिशा कौन देगा ।प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से कमलाकांत पांडेय, पूर्व बार अध्यक्ष नितिन तिवारी, किसान नेता जितेंद्र तिवारी, रोहित तिवारी, माधव पांडेय, कमलेश पाठक, ईश्वर चंद पांडेय, दिलीप पांडेय, अमन पांडेय, यश पांडेय, संतोष राजभर, श्रवण राम सहित अन्य लोग रहे।

# भाड़े के शिक्षक और छात्र पहुंच गए स्कूल

- अजीब हॉल
- जब प्रिंसिपल व टीचर हैं ही नहीं तो परिचारकों ने कैसे कर दिया 121 छात्रों का पंजीकरण
- अखबार में खबर छपने के बाद दबाव पड़ा तो दूसरे स्कूल के शिक्षक- बच्चे बुला लिए स्कूल





प्रभात सिंह संवाददाता

**चंदौली।** धानापुर विकास खंड के हिंगुतरगढ़ गांव स्थित अमर शहीद हीरा सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 121 फर्जी छात्रों के नाम पर मिड डे मिल डकारे जाने की खबर क्या छपी, प्रबंधक के पुत्र और परिचारकों ने भाड़े के शिक्षक और छात्र स्कूल में बुला लिए। आश्चर्य जनक यह है

कि यह सब फर्जीवाड़ा बीईओ अवधेश नारायण सिंह और मिड डे मील के जिला प्रभारी नीरज कुमार के संरक्षण में चल रहा है। यही वजह है कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे शिक्षा विभाग के स्थानीय अधिकारियों की खुलकर जांच करने से उच्चाधिकारी भी परहेज कर रहे हैं। कुछ माह पूर्व के अभिलेखों पर नजर डालें तो उक्त स्कूल में 77 बालक और 34 बालिकाओं सहित कुल 121 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे। जिसे 22 अक्टूबर 2024 को प्रातः 101 कर दी गई।

हो-हल्ला ज्यादा मचने पर उसी दिन शाम को यह संख्या 60 दर्शा दी गई। दिसम्बर 2006 में बेसिक शिक्षा परिषद से वित्तीय अनुदान मिलने के बाद से यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सभी तरह की सरकारी सहूलियतें दिए जाने का प्राविधान है। यही वह कारण है, जिसके चलते स्कूल प्रबंधन फर्जी नामों को दर्ज कर वर्षो से एमडीएम तथा ड्रेस आदि के मद में मिलने वाली धन राशि को हड़पने में जुटा हुआ है। जबकि सच यह है कि 31 मार्च 2020 को यहां के प्रधानाध्यापक सूबेदार मिश्र और अंतिम शिक्षिका आशा सिंह के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद से इस विद्यालय में एक भी छात्र नहीं पढ़ रहा है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि जब इस स्कूल में कोई शिक्षक ही नहीं है तो फिर यहां बच्चों का पंजीकरण किसके आदेश पर और क्यों किया गया। यह पूछे जाने पर शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कन्नी काट रहे हैं।

### हड़बड़ी ऐसी कि एक ही दिन भेज दी दो अलग-अलग रिपोर्ट

**चंदौली।** अमर शहीद हीरा सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंगुतरगढ़ में इस वक्त कोई शिक्षक कार्यरत नहीं है। यहां के एक परिचारक लालजी के ऊपर जब फर्जीवाड़ा को दबाने का दबाव पड़ा तो उन्होंने बीएसए को कक्षा 6 में 25, सात में 43, और आठ में 33 सहित कुल 101 पंजीकृत छात्रों की सूची भेजी। और फिर उसी दिन शाम को उन्होंने कक्षा 6 में 22, सात में 19 और आठ में 19 सहित कुल 60 पंजीकृत छात्रों की सूची प्रेषित कर एक नया संशय पैदा कर दिया। हालांकि शिक्षा विभाग के अधिकारी इस फर्जीवाड़े की जबाबदेही को लेकर एक दूसरे को टोपी पहनाने में लगे हुए हैं।

### .तो भाड़े पर आए हैं सनरेज प्राइमरी स्कूल के बच्चे

**चंदौली।** अमर शहीद हीरा सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंगुतरगढ़ में भाड़े पर आए शिक्षक और बच्चे इसी गांव के सनरेज प्राइमरी स्कूल के हैं। यहां किराए पर पढ़ा रहे एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम लोग सनरेज प्राइमरी स्कूल में हैं। लेकिन हमारी मान्यता 5 तक है। जबकि हमारे यहां कक्षा 8 तक की पढ़ाई होती है। ऐसे में यहां के प्रबंधक की पहल और बीईओ की हरी झंडी मिलने पर हम लोग अपने बच्चों के साथ यहां पर शिफ्ट हो रहे हैं। ताकि स्कूल और बीईओ को बचाया जा सके।

**वर्जन**

यह पूरी तरह गलत है कि भाड़े के शिक्षक और बच्चे मंगाकर फर्जीवाड़े की लीपापोती की जा रही है। इसकी उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**आर. बी. कमल,**
**उमेश कुमार शुक्ला**
**एडी बेसिक- वाराणसी।**

## सार्वजनिक सम्पति पर हो रहे निर्माण कार्य को एसडीएम ने रुकवाया

**गलत तरीके से सड़क, बंजर, तालाब, शमशान पर मालियत लगाकर किया जा रहा कब्जा**



शकुन टाइम्स संवाददाता

**धानापुर।** कस्बा स्थित थाना के सामने पीडब्ल्यूडी (सड़क) के जमीन पर जालसाजों द्वारा गलत तरीके से मालियत लगवाकर कब्जा किया जा रहा है। जिसपर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा तहसील दिवस पर दिए गए प्रार्थनापत्र पर उप जिलाधिकारी सकलडीहा ने कार्य को रुकवाते हुए जांच बैठा दी। बताया जाता है कि चकबंदी पूर्व से आकर पत्र 2 (क) गोसवारा 1349 में आराजी नंबर 833 और 835 सड़क की जमीन के रूप में दर्ज है जो बहुत ही कीमती है। धानापुर में सक्रिय कुछ भू माफिया चकबंदी विभाग से मिलकर चकबंदी प्रक्रिया के दौरान कागजों में हेराफेरी और क्षतिग्रस्त कर अवैध तरीके से सड़क की भूमि को बचत के रूप में दर्ज कर दिया। बचत के जमीन पर बेचन पुत्र राजेंद्र के नाम से चक बना दिया गया। उसके बाद बेचन ने फिरोज उर्फ पिंटू तथा मु नासिर नुमान के नाम से रजिस्टर्ड बैनामा कर दिया। फिर फिरोज ने लवकुश बिंद निवासी महराई को विक्रय कर दिया। जिसपर कुछ गिरोहबंद लोग कब्जा शुरू कर दिए हैं। कब्जा होता देख लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी ने तहसील दिवस पर उपजिलाधिकारी के समक्ष निर्माण कार्य रुकवाने का प्रार्थनापत्र दिया। जिसपर कार्य को रुकवाते हुए उपजिलाधिकारी ने जांच बैठा दी।

**वर्जन**

धानापुर में कुछ चुनिंदा नाम सभी सार्वजनिक संपति के हेरफेर में शामिल पाए जा रहे हैं। जो एक गंभीर मामला है। धानापुर विकास मंच (डीवीएम) का व्यक्तिगत काश्तकार संपत्ति से कोई लेना देना नहीं है, लेकिन सार्वजनकी संपत्ति के विरुद्ध छेड़छाड़ा धानापुर विकास मंच स्वीकार नहीं करेगा।

**गोविंद उपाध्याय,**
**संयोजक - धानापुर विकास मंच,**

**वर्जन**

प्रकरण चकबंदी से संबंधित है सड़क कैसे बचत में परिवर्तित हो गया। उसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

**अनुपम मिश्र,**
**उपजिलाधिकारी - सकलडीहा**

## जंगीपुर कृषि मंडी में जनपद के प्रथम धान क्रय केंद्र का हुआ शुभारंभ

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गाजीपुर।** कल दिनांक 05.11.2024 को अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) दिनेश कुमार की उपस्थिति में जंगीपुर मण्डी समिति स्थित विपणन शाखा धान खरीद केन्द्र जंगीपुर मण्डी प्रथम पर कृषक हलधर यादव पुत्र शिवरति यादव, निवासी ग्राम डांडीकला का धान क्रय कराते हुए खरीद कार्य का शुभारम्भ किया गया।

कृषक का कुल 20 कु0 धान क्रय किया गया है। मौके पर अनुराग पाण्डेय, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, गाजीपुर, हेमन्त सिंह, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, तहसील-सदर, राजेश यादव, सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, जंगीपुर एवं ऋषि सिंह, मण्डी निरीक्षक उपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त कृषि उत्पादन मण्डी समिति के धान खरीद केन्द्र जंगीपुर मण्डी प्रथम पर भी धान खरीद प्रारम्भ हो गया है।'गतवर्ष केन्द्र पर धान/गेंहूं विक्रय करने वाले कृषकों से सम्पर्क कर, पंजीयन हेतु उन्हें प्रोत्साहित करते हुए तेजी से पंजीयन करायें।'क्रय केन्द्र पर किसानों का धान ''पहले आओ पहले पाओ'' के सिद्धांत पर क्रय किया जाये। किसी भी केन्द्र से किसानों को अनावश्यक वापस नहीं किया जाये। सभी केन्द्र प्रभारियों द्वारा किसानों से शिष्टाचार पूर्वक व्यवहार किया जाये अन्यथा की स्थिति में शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सभी केन्द्र प्रभारी बैनर में अंकित अपना मो0नम्बर खरीद अवधि में ऑन रखेंगे। जनपद मुख्यालय/तहसील मुख्यालय से रैण्डम आधार पर इसका सत्यापन कराया जायेगा। यदि मो0नम्बर बन्द पाया गया, तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। किसान भाईयों से अनुरोध है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत खाद्य विभाग के पोर्टल 222.द्मष्द्य.ह्वश्च.द्दश्1.द्बठ्ठ पर शीघ्र अपना पंजीकरण करा लें, जिससे केन्द्रों पर उनके उपज की खरीद सुगमतापूर्वक पूर्ण हो सके।

## अधिकारियों द्वारा कई परिवारों को आवंटित भूमि का कब्जा एवं पेपर वितरित किया गया



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चन्दौली ।** चंदौली जिले में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय) से सटे ग्राम सभा हरिशंकरपुर,में जमीन आवंटन के दौरान गाँव के डोम समाज के लोग जैसे सेरु डोम,

चिरू डोम बीरू डोम सहित 12 परिवार को ज़मीन आवंटन,पट्टा कर कब्जा कराया गया उसके साथ सभी लोगो को आवंटन का पेपर अधिकारियो द्वारा वितरित किया गया वितरण करने वाले अधिकारी तहसीलदार,नायब तहसीलदार, कानूगो ,प्रधान प्रतिनिधि आफताब अहमद गुड्डू, इकबाल अहमद बाबू, पूर्व प्रधान गुफरान सिद्दीकी,अब्दुल बासीत, शमीम बाबू शकूराबाद सहित राजस्व विभाग की 26 लेखपाल की टीम के साथ कई थानों की पुलिस भी मौजूद रही जिसके कारण ये सारे कम बिना किसी बाद विवाद के सम्पन्न कराया गया इसमें मुख्य रूप से ग्राम प्रधान हाजी रफीक अहमद के द्वारा कराया गया इनके इस कार्य से डोम समाज के सभी लोगो के चेहरे पर काफी खुश दिख रही थी।

## लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की शुरुआत

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चहनियाँ/चंदौली।** क्षेत्र के बलुआ, रामगढ़, मथेला, टांडाकला, काँवर, रईया निधौरा, मारूफपुर महुअर समेत आदि दर्जनों घाटों पर मंगलवार को नहाय-खाय के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ की शुरुआत हो गयी। इस दिन व्रती गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान के बाद सूर्य देव की पूजा करते हैं ।

इसके बाद सात्विक भोजन ग्रहण करती हैं. भोजन में चावल-दाल और लौकी की सब्जी ग्रहण करती हैं. हिन्दू कैलेंडर के अनुसार, कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तिथि को नहाय खाय होता है। यह पर्व संतान की प्राप्ति और उनकी समृद्धि के लिए रखा जाता है। इस पर्व में भगवान भास्कर और छठी मइया की पूजा का विधान है।अब सवाल है कि आखिर नहाय-खाय का व्रत कैसे होता है शुरू। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, लोक आस्था का महापर्व छठ कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक मनाया जाता है । इस दौरान सूर्य देव की पूजा-उपासना होती है। छठ की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। इसके अगले दिन खरना करते हैं। वहीं कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को डूबते सूर्य देव और सप्तमी तिथि को उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। उगते सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पूजा का समापन होता है। व्रती खरना पूजा के बाद लगातार 36 घंटे तक निर्जला उपवास करती हैं।

## 16 शराबी चढ़ें पुलिस के हत्थे

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चंदौली।** सार्वजनिक स्थानों, सड़क, कार और शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 16 लोगों के खिलाफ सोमवार की रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई है। पुलिस शराबियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई करने में जुटी है।

एसपी आदितय लांग्हे के निर्देश पर जिला पुलिस अपने थाना क्षेत्रों में अभियान चला रही है। सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने, रंगबाजी, जुआ खेलने, स्टंट दिखाने, छेड़खानी करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई जारी है। अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। एक बार से अधिक पकड़े जाने पर डिफॉल्टर्स का लाइसेंस भी निरस्त करवाने की कार्रवाई की जा रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संवेदनशील जगह चिह्नित कर पुलिस अभियान चला रही है। वहीं एसपी आदित्य लांग्हे ने लोगों से अपील की है कि वह शराब पीकर वाहन चलाने या सार्वजनिक स्थलों पर उपद्रव न करें। यदि शराब के नशे में उत्पात करते पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बलुआ घाट पर मनाया गया भव्य गंगा उत्सव

चहनियां/चंदौली। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा घाट पर जिला गंगा समिति चंदौली एवं गंगा सेवा समिति बलुआ के द्वारा भव्य दिव्य गंगा उत्सव का आयोजन सोमवार की शाम हुआ । जिसमे घाट की साफ सफाई,दीपदान,सांस्कृतिक कार्यक्रम,गोष्ठी,भव्य गंगा आरती हुआ । कार्यक्रम देर शाम तक चला। आयोजन के दौरान सर्वप्रथम बलुआ गंगा घाट की साफ सफाई हुई। वाल्मीकि इंटर कॉलेज बलुआ में निबंध लेखन का आयोजन किया गया ।



इस दौरान वाल्मीकि इंटर कॉलेज के बच्चियों ने गंगा उत्सव 2024 बलुआ घाट चंदौली के नाम से रंगोली का चित्र प्रस्तुत किया। चहनियां क्षेत्रीय वन अधिकारी नित्यानन्द पाण्डेय ने कॉलेज के छात्राओं को चित्र प्रस्तुति के लिए प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कृत राशि देकर सम्मानित किया। बलुआ गंगा घाट पर बिरहा लोकगीत के क्षेत्रीय कलाकार बबलू प्रधान और माया सिंह चौहान मां गंगा के ऊपर सांस्कृतिक गीतों के माध्यम से सभी क्षेत्रीय जनों को जागरूक करने का कार्य किया। मां गंगा में दीपदान विसर्जित कर दीपोत्सव के कार्यक्रम को संचालित किया गया। उसके पश्चात मां गंगा की भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया । और गंगा स्वच्छता के प्रति सभी लोगों को गंगा शपथ पत्र के रूप में संकल्पित किया गया। इस दौरान गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल, दर्शन निषाद, पप्पू पासवान, अंकित जायसवाल, फिरोज गांधी,जितेंद्र यादव ,अभिषेक यादव ,जुगनू पासवान ,राजेश सोनकर ,अजय साहनी, रोहित निषाद ,मोनू साहनी, बृजेश साहनी, सुनील पंजाबी ,दीपक चौरसिया, राजेश साहनी आदि लोग उपस्थित रहे।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुद्दो में दे अपना योगदान और करें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपकों अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127

## विधायक के पहल पर रास्ता से अतिक्रमण हटा, आवागमन में राहत



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चंदौली।** धीना थाना क्षेत्र के आलमखातोपुर गांव में मार्ग पर अतिक्रमण होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी समस्या हो रही थी। ग्रामीणों के समस्या को देखते हुए सैयदराजा विधायक सुशील सिंह के पहल पर मार्ग से अतिक्रमण हटाया गया। इससे आधा दर्जन गांवों के आवागमन करने में ग्रामीणों को काफी सहूलियत हो जाएगी। विधायक के इस प्रयास का ग्रामीण काफी सराहना कर रहे है। आलमखातोपुर गांव से महुरा सहित अन्य गांवों में जाने का मुख्य रास्ते पर कुछ लोग अतिक्रमण किए हुए थे। इससे ग्रामीणों को आवागमन करने में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मार्ग पर आवागमन में हो रहे परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों ने बीते दिनों सैयदराजा विधायक सुशील सिंह से समस्या के निदान का मांग किया था।समस्या को देखते हुए विधायक ने क्षेत्रीय लेखपाल को भेजकर मार्ग का सीमांकन कराने का निर्देश दिया।लेखपाल के सीमांकन में ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर मार्ग को अवरुद्ध करने का मामला सामने आया।इस पर विधायक सुशील सिंह के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि अन्नू सिंह लेखपाल व धीना पुलिस के साथ मार्ग से अतिक्रमण हटवाकर ग्रामीणों के लिए आवागमन शुरू कराया। इससे ग्रामीणों को उक्त मार्ग पर आवागमन करने में काफी सहूलियत हो गई। मार्ग पर आवागमन शुरू होने से महुरा, करजरा, डबरिया, बभनपुरा, एवती आदि गांवों में जाने को काफी सहूलियत हो गई।ग्रामीण विधायक के पहल का खुले मन से सराहना कर रहे है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अन्नू सिंह, गुड्डू सिंह, राजेश मिश्रा, बृजमोहन यादव, अजीत यादव, पप्पू यादव, छविनाथ यादव, श्याम नारायण आदि रहे।

### पुलिस में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी

**जमानिया।** कोतवाली क्षेत्र के देवाबैरानपुर गांव में बीते 31 तारीख़ को हुए विवाद में सोमवार जमानतदारों को बुलाने जा रहे के साथ मारपीट और गाली गलौज करने के मामले में पुलिस ने चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच के जुट गई है। तहरीर के अनुसार बीते 31 अक्टूबर को भूमि विवाद में विशाल यादव अपना जमानत करने के लिए सोमवार की सुबह करीब 8 बजे जमानतदारों को जमानत के लिए बुलाने जा रहे थे। इसी बीच गांव के ही कुछ लोगो ने लाठी डंडा से हमला कर दिया। जिसमें विशाल को चोटे आई और वह बेहोश हो कर जमीन पर गिर गया। वहीं उसकी मोबाइल को भी उन लोगों ने क्षेतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद घायल ने कोतवाली के तहरीर दी गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने बताया कि घायल विशाल की तहरीर पर चार लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अभियान के दौरान 1299 वाहनों का चालन, 18 लाख जुर्माना



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चंदौली।** जिले में बीते सोमवार को यातायात पुलिस और संबंधित थाने की पुलिस ने चेकिंग अभियान में वाहनों का चालान किया। इस दौरान बिना परमिट और बिना फिटनेस के संचालित ऑटो भी शामिल रहे। इस दौरान पुलिस ने 1299 वाहनों का चालान किया।

जिससे 18 लाख 79 हजार 300 सौ जुर्माना वसूला गया। यातायात और जिले की पुलिस बिना हेलमेट, बिना शीटबेल्ट, तीन सवारी व यातायात नियमों के उल्ल्घन करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस दौरान बीते शनिवार को पुलिस ने बिना हेलमेट, पार्किंग, तीन सवारी, सीट बेल्ट, बिना वैलिड इनस्योरेंस वाहन, यातायात नियमों का उल्लंघन, विपरित दिशा में वाहन चलाना, गलत नंबर प्लेट, ड्राइविंग लाइसेन्स न दिखा पाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना, परमिट शर्तों का उल्लंघन करना, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट न दिखा पाना, काली फिल्म, प्रदूषण सर्टिफिकेट का न होना, ओवर स्पीड, ध्वनि प्रदूषण, बेवजह हार्न बजाना, शराब पीकर वाहन चलाना आदि का उलंघन करने पर कार्रवाई किया गया। इस दौरान संबंधित पुलिस कर्मियों ने 12990 वाहनों का चालान कर 18 लाख 79 हजार 300 सौ जुर्माना किया।

# सूर्य को अर्घ देकर सीएम योगी करेंगे छठ पूजा की शुरुआत

## गोमती तट चल रही भव्य तौयारियां

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि राजधानी के गोमती तट पर 7 एवं 8 नवम्बर को छठ महापर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सूर्य को अर्घ देकर छठ पूजा की शुरुआत करेंगे। लक्ष्मण मेला मैदान स्थित घाट तैयारियां चल रही हैं।

प्रभुनाथ राय ने सोमवार को छठ घाट पर पत्रकारों से पूजा से संबंधित सभी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि महिलाएं पति और पुत्र की दीर्घायु के लिए व्रत करती हैं। पूजा सामग्री 6, 12, 24 की संख्या में रहती है। राय ने बताया कि 7 नवम्बर को शाम 5 बजे मुख्यमंत्री गोमती तट पर सूर्य को अर्ध देकर छठ पूजा की शुरुआत करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन मंत्री धरमपाल, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी शामिल होंगे। छठ पूजा को सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण, सिंचाई विभाग और अन्य विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी छठ पूजा घाट पर मौजूद रहकर व्यवस्था करवा रहे हैं। प्रभुनाथ ने बताया कि कार्यक्रम में भोजपुरी लोक संस्कृति, लोक कला एवं लोक गायन की अलग-अलग विधाओं से जुड़े 150 कलाकार आ रहे हैं। ये 7 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से 8 नवम्बर सुबह 7 तक लगातार 18 घंटे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। मुंबई से लोक गायक सुरेश शुक्ला, राकेश तिवारी, लखनऊ के भजन गायक किशोर चतुर्वेदी, स्वाति रिजवी, धोबिया नृत्य के विशेषज्ञ उमेश कनौजिया, लोक गायक बालेश्वर के पुत्र अवधेश, जया, रवि शंकर देहाती और अंकिता सिंह आदि कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

# जिला प्रशासन ने गधा-घोड़ा-खच्चर मेला का नाम बदलकर पशु मेला रखा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** कार्तिक पूर्णिमा मेला 2024 के मद्देनजर डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा गढ़मुक्तेश्वर में आयोजित मेला जो 9 नवंबर से 17 नवंबर तक आयोजित होगा उसमें लगने वाले गधा घोड़ा खच्चर मेला का नाम बदलकर (पशु मेला)रखा गया है, यह निर्णय जिला प्रशासन स्तर पर लिया गया है कि इसका नाम गधा घोड़ा खच्चर मेला ना होकर पशु मेला के नाम से लगेगा। इसमें देश-प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से अच्छी नस्ल के पशु जैसे गधा, घोड़ा, खच्चर, बकरी, भैंस, भेड़ इत्यादि पशुओं का क्रय-विक्रय होगा।मेले में पशुओं का क्रय विक्रय करने वाले व्यापारियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा आधारभूत सुविधाओं मुहैया कराने हेतु तेजी से तैयारी की जा रही है जिससे मेले के दौरान पशुओं का क्रय विक्रय करने आए व्यापारियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# संक्षिप्त सामाचार

## पुलिस लाइन से निकली यातायात जागरूकता रैली

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पांच नवंबर को यातायात माह-2024 की शुरुआत पुलिस लाइन में यातायात जागरूकता रैली से की गई। जेसीपी लॉ एंड आर्डर अमित वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जिसमें महिला सिपाही और यातायात सिपाहियों के साथ स्कूली बच्चे, एनसीसी कैडेट और ट्रैफिक वार्डन शामिल हुए। रैली रवाना होने से पहले जेसीपी अमित वर्मा ने कहा कि लोगों को यातायात नियम जानने के साथ उनको पालन करना और अपने परिचित से पालन कराना जरूरी है। क्योंकि एक दुर्घटना से पूरा परिवार बिखर जाता है। यातायात नियम का पालन करने से ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। हर साल की तरह इस बार भी यातायात माह में यातायात पुलिस के साथ थाना पुलिस को भी यातायात नियम तोड़ने वालों पर नजर रखेगी। साथ ही सीसीटीएनएस के कैमरों की मदद ली जाएगी। वहीं यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता के लिए स्कूलों, चौराहों, ऑफिस और सार्वजनिक स्थलों पर अभियान चलाए जाएंगे। शहर में रॉग साइड गाड़ी चलाने के साथ फर्राटा भरने पर यातायात पुलिस लखनऊ के प्रमुख मार्गों पर लगे स्पीड सेंसर और कैमरे की मदद से चालान करेगी। यह सैंसर कैमरे तय स्पीड से ज्यादा तेज चलने वाले वाहनों का ऑटोमेटिक चालान करेंगे। यह कैमरे लोहिया पथ, खुर्रम नगर-कुकरैल बाईपास, तेलीबाग, जनेश्वर मिश्र पार्क के पास, बंगला बाजार से कैंट रोड, अवध चौराहे से दुबग्गा, आंबेडकर पार्क, अहिमामऊ से सुल्तानपुर रोड, शहीद पथ, रिंग रोड लगे हुए हैं। शहर में यातायात नियम की जागरूकता के लिए जिले के प्रमुख स्कूलों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही यातायात माह के दौरान सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी जगह-जगह आयोजित किए जाएंगे।

## बंधन ग्रुप का टेक स्पेस में प्रवेश जेनिसिस ग्रुप से किया अधिग्रहण

**लखनऊ।** बंधन ग्रुप ने आज जेनिसिस ग्रुप, एक वैश्विक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और बिजनेस प्रोसेस सर्विसेज कंपनी के अधिग्रहण की घोषणा की। यह बंधन ग्रुप के टेक्नोलॉजी सेक्टर में रणनीतिक प्रवेश का प्रतीक है। इस अधिग्रहण से बंधन ग्रुप को अमेरिका, ब्रिटेन और भारत में नए ऑफिसेज के साथ अपने ग्लोबल फुटप्रिंट का विस्तार करने की मौका मिला है। इस कदम से, इन बाजारों में कंपनी की मौजूदगी में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। जेनिसिस ग्रुप की ऑफर्स को इंटीग्रेट करके, बंधन ग्रुप अपने पोर्टफोलियो में दुनिया भर की विभिन्न इंडस्ट्रीज में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड सर्विसेज, डिजिटल मीडिया ऑपरेशंस और स्मार्ट बिजनेस प्रोसेस सॉल्यूशंस सहित सॉल्यूशंस का एक इंटीग्रेटेड पोर्टफोलियो जोड़ेगा। इस नए अधिग्रहण के बारे में बात करते हुए, बंधन फाइनेंशियल सर्विसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर अरविंद अग्रवाल ने कहा कि हाइपर-ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और अन्य उभरती टेक्नोलॉजीज के माध्यम से डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन द्वारा संचालित किए जा रहे ग्लोबल अवसर आईटी इंडस्ट्री को नया रूप दे रहे हैं। हमने जेनिसिस ग्रुप का अधिग्रहण करने का अवसर पहचाना, जो ग्लोबल मार्केट में अपने बैलेंस्ड पोर्टफोलियो और दशकों के अनुभव को लेकर आया है। बिजनेस से संबंधित चुनौतियों, विशेष रूप से बीएफएसआई सेक्टर में, को संबोधित करने के लिए आईटी-संचालित सॉल्यूशंस की क्षमता बहुत अधिक है, और हम इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण ग्रोथ की उम्मीद करते हैं।

# ट्रस्ट टीम ने की महिलाओं को सैनिटरी पैड वितरण



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में मंगलवार को एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमे संस्था की महिला टीम द्वारा गढ़ रोड हापुड़ देवनंदनी अस्पताल के आस पास झोपड़ियों में रहने वाली गरीब महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जहां पर महिलाओं को साफ सफाई के लिए विशेष रूप से जागरूक किया गया है,जिसमे महिलाओं को खास तौर पर सैनिटरी पैड के महत्व के विषय में समझाया गया। डॉक्टर प्रियंका ने हाइजीन के बारे में महिलाओं को काफी बाते समझाई।

संस्था की और से प्रतिमाह इस प्रकार के सामान्य जागरूकता अभियान चलाए जाते है। कार्यक्रम में प्रियंका शर्मा, क्षमा सिंह, भारती सिंह, सुनीता आदि लोग उपस्थित रहे।

## टैक्स नहीं देने पर दुकानें सील,150 साल पुराने बाजार में चला अभियान

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में हाउस टैक्स नहीं जमा करने पर दुकानों को सील किया जा रहा है। निगम द्वारा यह कार्रवाई जोन के यहियागंज और जोन चार के गोमती नगर इलाके में की गई। सुबह 10 बजे से पहले दुकानों को सील कर दिया गया। यहियागंज में 150 साल पुराना बाजार है। अभियान तब चला जब बाजार में कोई नहीं था। दुकान मालिक को भी इस कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। नगर निगम ने इससे पहले सोमवार को भी यह कार्रवाई की थी। इसमें 13 जगहों पर यह कार्रवाई की गई थी। इस दौरान 4 लाख 50 हजार रुपए से ज्यादा की वसूली भी हुई थी। यहियागंज शहर का सबसे पुराना बाजार है। यहां दो दिन से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। दरअसल, बाजार खुलने के बाद यहां व्यापार मंडल की टीम नगर निगम का घेराव कर लेती है। ऐसे में टीम सुबह-सुबह पहुंच रही है।

# गढ़ कार्तिक मेले पर अधिकारियों के निरीक्षण का दौर शुरू

## लापरवाही बिल्कुल मंजूर नहीं- एसपी हापुड़

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** जैसे-जैसे गढ़ कार्तिक मेले की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे ही हापुड़ के अधिकारी गढ़ कार्तिक मेले की तैयारी का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े, बता दें कि मेले को पॉलिथीन मुक्त रखने के सख्त निर्देश हैं, तो वही भैंसा दौड़ को लेकर भी अधिकारियों के सख्त निर्देश हैं, बता दे की लगातार ले रहे हैं।

अधिकारी गढ़ कार्तिक मेले का निरीक्षण कर जायजा, तो वहीं घर खादर में बनी अस्थाई पुलिस लाइन में किया गया अधिकारियों द्वारा बैठक का आयोजन जहां पर सत्य निर्देश दिए गए हैं विभागों को जल्द से जल्द गढ़ कार्तिक मेले की तैयारी पुरी, लाइट व्यवस्था ,स्वास्थ्य विभाग, गंगा घाट ,बेरिकेडिंग इत्यादि व्यवस्थाओं को लेकर हापुड़ अफसर शाही लगातार अलर्ट हैं, बता दें कि इस मेले में लगभग 30 से 35 लाख श्रद्धालु भारी जनपदों से आते हैं, तो वही क्षेत्र की सड़कों पर मेला नजदीक आने पर भैंसा बुग्गी दौड़ करते हैं कुछ व्यक्ति जिन्हें लेकर मेरठ मंडल से लेकर हापुड़ के अधिकारी भी अलर्ट हैं पुलिस प्रशासन को इसके लिए सख्त निर्देश दिए हुए हैं, बता दें कि घर कार्तिक मेले की व्यवस्थाओं को लेकर लगातार अधिकारी एक्शन के अंदर हैं तो वहीं कर्मचारी भी लगातार कार्य में जीते हुए नजर आ रहे हैं।

# मैं जिंदा हूं साहब! बंद पेंशन शुरू करा दीजिए

## फफक कर रो पड़े बुजुर्ग, ऐक्शन में आए डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ में संपूर्ण समाधान दिवस में मोहनलालगंज पहुंचे भट्ठी सिर्स गांव के माता प्रसाद खुद को जिंदा साबित करने के लिए डीएम के सामने फफक कर रो पड़े। डीएम सूर्यपाल गंगवार को बताया कि सत्यापन में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। नतीजतन पेंशन मिलना बंद हो गई।

तहसील, ब्लॉक के चक्कर लगा रहा हूं, कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मृत दिखाने वाले कर्मचारी, अधिकारी सामने खड़ा होने के बावजूद जिंदा मानने को तैयार नहीं हैं। डीएम ने तत्काल जांच कर पेंशन जारी कराने का आदेश दिया। इसी तरह आठ महीने से मेडबंदी कराने के लिए राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) के चक्कर लगा रहे बुजुर्ग बंशीलाल डीएम के सामने पहुंच कर रोने लगे। बोले फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले कानून गो के खिलाफ कार्रवाई का आदेश एसडीएम को दिया।

इसी तरह समेसी गांव में कागज पर ही बिजली का खंभा बदलने की शिकायत पर डीएम ने अवर अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिए। बुजुर्गों ने सोमवार को मोहनलालगंज में लगे सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम सूर्यपाल गंगवार व सीडीओ को सुनायी। डीएम ने अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण का निर्देश दिया।

शिकाकतों के निस्तारण की पुष्टि सम्बधिंत शिकायतकर्ता से भी करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 173 लोगों ने शिकायतें की। इसमें से 41 का मौके पर ही निस्तारण हो गया। मोहनलालगंज में ज़िलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने अकेले 32 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कराया। शेरपुरलवल में रहने वाले राम स्वरूप रावत ने डीएम को बताया कि 19 सितम्बर को ग्रामीणो ने आईजीआरएस पर जर्जर बिजली के खम्भे की शिकायत दर्ज कराई थी।

जिस पर समेसी के अवर अभियंता ने बिना मौके पर गए ही बिजली के खम्भे को बदल देने की रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया। पीड़ित मौके की फोटो लेकर आया था। जिस पर डीएम ने फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले जेई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ शिकायत का निस्तारण करने का आदेश दिया। नगर पंचायत मोहनलालगंज के कई सभासदों की कार्यशैली व भ्रष्टाचार की शिकायत लेकर डीएम के सामने पहुंचे।

# 13 नवंबर को भारतीय टीकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पहुंचेंगे गढ़ गंगा मेले में

### वाह रे बिजली विभाग दूरी अधिक बता किसान को कनेक्शन नही वही पर ओयो के लिए दे दिया गया बिजली कनेक्शन

### आज से धौलाना तहसील पर किसानों की विभिन समस्याओं को लेकर अनिश्चित कालीन होगा धरना

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** मंगलवार को गढ़मुक्तेश्वर में स्थित कैम्प कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन (टीकैत) की आपातकालीन पंचायत हुई जिसमें अध्यक्षता गढ़ ब्लॉक संयोजक हाजी नासिर अली और संचालन जिला प्रवक्ता कुँवर खुशनूद ने किया। भाकियू टीकैत की आपातकालीन पंचायत के दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर 13 नवंबर को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पहुंचेगे जिनके स्वागत के लिए जनपद हापुड़ की समस्त टीम जोर शोर से तैयारी में जुट गए है। वही ब्लॉक धौलाना में किसानों की विभिन समस्यों को लेकर धौलाना तहसील पर बुधवार से अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया जाएगा जबतक अधिकारी समस्याओं का निस्तारण नही करेंगे तबतक धरना जारी रहेगा।

आपातकालीन पंचायत के दौरान धौलाना ब्लॉक अध्यक्ष उमेश राणा ने कहा कि सरकारी सरकारी चकरोड पर कुछ दबंगों द्वारा कब्ज किया जा रहा है। विधुत विभाग द्वारा की जा रही अनदेखी वही किसान के मकान के लिए अधिक दूरी बता बिजली विभाग ने कनेक्शन देने के लिए मना कर दिया और वही पर ओयो होटल के लिए कनेक्शन दे दिया गया है।आपातकालीन पंचायत में मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल गुजराल, महिला जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सरिता देवी, महिला जिला उपाध्यक्ष शोभा देवी, महिला जिला सचिव राजबीरी देवी, जिला मीडिया प्रभारी अमजद खान , गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मजीद चौधरी, दोताई इंतेजार अली, बाबूगढ़ नगराध्यक्ष शेखर चौधरी, तहसील गढ़ अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी , धौलाना तहसील अध्यक्ष रविन्द्र कुमार, जिला महासचिव सुंदर गुर्जर, डॉक्टर मतलूब, नोशाद अल्वी, बिल्लू त्यागी समेत मौजूद रहे।

## मुंशी पुलिया में वाहिद बिरयानी के नये रेस्टोरेंट का हुआ भव्य उद्घाटन

**लखनऊ।** अपने स्वाद और जायकों के लिए लंबे समय से मशहूर वाहिद बिरयानी के नए रेस्टोरेंट का उद्घाटन मुन्शी पुलिया में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आजाद अंसारी और मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने किया। इस अवसर पर वाहिद बिरयानी के एम.डी. आबिद अली कुरैशी ने बताया कि लखनऊ में हमारे पुरखों ने मुगलई जायकों की शुरुआत की थी,स्वाद का यह सफर आज चौथी पीढ़ी के रूप में लगातार अपनी सेवाएं दे रहा है। हमारी पांच शाखाएं वर्तमान में लखनऊ में काम कर रही हैं।अमीनाबाद, बँगला बाजार, आशियाना उनमें प्रमुख हैं। स्वाद और जायके को मजेदार बनाने के लिए हम अपने खास खानदानी विशेष मसालों का प्रयोग करते हैं। पहले हमारे यहां सिर्फनॉनवेज खाना ही मिलता था पर अब हम स्वादिष्ट वेज खाना भी बनाते हैं। मुंशी पुलिया के इस नए रेस्टोरेंट में फैमिली केबिन अलग है।

## गैंगरेप कर फरार हुए आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** कृष्णानगर कोतवाली में गैंगरेप के वांछित अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। आरोपी को कोर्ट फरार घोषित कर चुकी है। जिसका सम्मन तामील होने के बाद भी आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हुआ। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने आजमगढ़ निजामाबाद निवासी अंगद यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी अंगद के खिलाफ 23 जुलाई को साथी अमन यादव के साथ मिल कर युवती से गैंगरेप किया था।

विरोध करने पर मारपीट कर आरोपी भाग गए थे। कृष्णानगर पुलिस ने मुख्य आरोपी अमन यादव को 21 सितंबर को गिरफ्तार किया था। अंगद यादव की तलाश की जा रही है। आजमगढ़ स्थित घर पर दबिश के दौरान भी आरोपी नहीं मिला। 17 सितंबर को न्यायालय ने अंगद को फरार घोषित किया था। इसके बाद भी आरोपी न्यायालय के समक्ष नहीं हाजिर नहीं हुआ।

# कमिश्नर पहुंची छठ पूजा घाट, तैयारी देखी, कहा-हेल्थ एटीएम

## फायर की गाड़ी और गोताखोर रहेंगे तैनात

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में छठ पूजा घाटों पर हेल्थ एटीएम, फायर की गाड़ी, गोताखोर और पुलिस मौजूद रहेगी। घाट तक जाने वाली सड़क की 24 घंटे में मरम्मत की जाएगी। मंगलवार को कमिश्नर रोशन जैकब ने यह निर्देश जारी किया। कमिश्नर छह पूजा घाट के दौरे पर निकली थीं। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार उनके साथ रहे। कमिश्नर सबसे पहले लक्ष्मण मेला मैदान पहुंची। यहां गोमती नदी घाट की साफ-सफाई का जायजा लिया। उसके बाद नदी के जिस हिस्से में लोग पानी के अंदर खड़े होंगे, उसकी विशेष सफाई कराने का आदेश दिया। उन्होंने नदी के दोनों तरफ लगे हाई मास्क लाइट जलाने, चिकित्सा कैम्प की व्यवस्था, अस्थायी शौचालय बनाने, सड़क का निर्माण, गोताखोर, स्टीमर-नाव की व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा की अनुमति, फॉगिंग, पानी का छिड़काव, रास्ते को वन वे करने, टूटे हुए रेलिंग की मरम्मत करने समेत सभी कार्यों को 6 नवंबर तक पूरा करने का आदेश दिया। लखनऊ में छठ पूजा में करीब 5 लाख लोग शामिल होते हैं। हालांकि गोमती नदी के अलावा यह लोग अपने-अपने इलाके, स्थानीय कॉलोनी और घर की छतों पर भी पूजा करते हैं। छठ पूजा में सीएम योगी आदित्यनाथ भी शामिल होते हैं।

# मेरठ आईजी और कमिश्नर ने गढ़ मिनी कुंभ 2024 की तैयारी को लेकर लिया जायजा

## मेले के दौरान किसी भी व्यक्ति विशेष को ना हो जनसुविधाओं की कमी: श्रीमती सेल्वा कुमारी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** मंगलवार को का ?र्तिक पूर्णिमा मेला—2024 के मद्देनज़र मण्डल आयुक्त श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0 व आईजी मेरठ नचिकेता झा द्वारा कार्तिक पूर्णिमा गढ़ मेले की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं व्यवस्थाओं के सम्बंध में समीक्षा बैठक की गयी।मण्डल आयुक्त श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0 द्वारा मेला परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया गया, इस दौरान व्यवस्थाओं से सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को मण्डल आयुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कार्तिक पूर्णिमा मेला—2024 की व्यवस्थाओं की क्रियान्वित बैठक के दौरान मण्डल आयुक्त श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0 एवं आईजी मेरठ नचिकेता झा द्वारा सुरक्षा (जलीय व स्थलीय), निगरानी, यातायात, जनसुविधा वाली व्यवस्थाएं, बिजली, प्रकाश, पेयजल, चिकित्सा विभाग सहित सभी व्यवस्थाओं पर सूक्ष्मता से समीक्षा की गयी। मण्डल आयुक्त ने कहा कि मेला के दौरान किसी भी व्यक्ति विशेष, श्रद्धालु को किसी भी मूलभूत सुविधा की कमी नहीं होनी चाहिए। इसलिए यातायात, प्रकाश, साफ—सफाई, पेयजल व शौचालय आदि का बेहतर मैप/चार्ट बनाया जाये और उसी के अनुसार कार्य किया जाये, जिससे कि किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। मेरठ मण्डल आयुक्त श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0 एवं आईजी मेरठ श्री नचिकेता झा ने कहा कि महिला, वृद्ध एवं बच्चों को मेले के दौरान सुरक्षा संबंधित समस्या नहीं होनी चाहिए। हापुड़ डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा द्वारा जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का पूर्ण तैयारियों की सूची एवं मैपिंग से मण्डल आयुक्त श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0 एवं आईजी मेरठ नचिकेता झा को अवगत कराया गया। उन्होने कहा कि मेला सम्बंधित जनपद के सभी विभागों द्वारा तैयारियां बहुत तेजी से की जा रही है। आम जनसुविधाओं से सम्बंधित खानपान, शौचालय,विद्युत—प्रकाश, महिला घाट/घाटों पर महिलाओं के ?चैजिंग रूप सहित सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अवगत कराया कि मेला के दौरान सुरक्षा, यातायात की व्यवस्थाओं की पूर्ण तैयारियां कर ली गयी हैं जिसका रोड मैप मण्डल आयुक्त श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0 एवं आईजी मेरठ नचिकेता झा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होने कहा कि रोड मैप इस प्रकार से तैयार किया गया है कि यातायात व्यवस्था में परेशानी नहीं हो, सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतेजाम है।निरीक्षण के दौरान डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा, पुलिस अधीक्ष कुंवर ज्ञानंजय सिंह, सीडीओ हिमांशु गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, एडीएम संदीप कुमार, एसडीएम सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# स्वास्थ्य सेवा पर राजनीति का घिनौना चेहरा और आयुष्मान भारत की हकीकत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए दिल्ली और पश्चिम बंगाल की आलोचना की और चिंता जताई कि इन दोनों राज्यों में वरिष्ठ नागरिक विस्तारित योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ नहीं उठा पायेंगे क्योंकि ये राज्य इस योजना में शामिल नहीं हैं। राजनीतिक रूप से कहें तो दिल्ली आप का किला है और पश्चिम बंगाल टीएमसी का, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा एक दशक से पैठ बनाने की असफल कोशिश कर रही है। दोनों राज्यों में स्वास्थ्य सेवा एक राजनीतिक मुद्दा रहा है। चूंकि दिल्ली में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, इसलिए आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को आयुष्मान भारत योजना को लागू न करने के लिए दिल्ली सरकार की पीएम मोदी द्वारा आलोचना पर पलटवार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि आप सरकार सभी शहरवासियों को 1 करोड़ रुपये तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराती है, जबकि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा केवल 5 लाख रुपये का है। उन्होंने भारत के महालेखानियंत्रक और परीक्षक( कैग) की 2023 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना घोटाले से भरी हुई है। कैग की रिपोर्ट में आखिर क्या पाया गया है ? हमें आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर उस रिपोर्ट को फिर से देखना चाहिए। इस योजना का उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना, 2011 के तहत अभाव और पेशेवर मानदंडों के आधार पर आबादी के गरीब और कमजोर वर्ग के 10.74 करोड़ से ज्यादा परिवारों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती होने के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। इसका उद्देश्य आबादी के गरीब और कमजोर वर्ग के लिए सामर्थ्य, पहुंच और देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करना है। कैग ने इसके कार्यान्वयन में अनेक खामियां पाईं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के रिकॉर्ड के अनुसार केवल 7.87 करोड़ लाभार्थी परिवार पंजीकृत थे, जो लक्षित परिवारों की संख्या 10.74 करोड़ (नवंबर 2022) का 73 प्रतिशत है। इसमें से 2.08 करोड़ परिवारों की पहचान 2011के रिकार्ड से की गयी थी, जैसा कि योजना दिशानिर्देशों में परिकल्पित है।जब इस निराशाजनक रिकॉर्ड की ओर ध्यान दिलाया गया, तो एनएचए ने जवाब दिया था कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के आंकड़ों के आधार पर 12 करोड़ परिवारों को कवर करने के लिए लाभार्थी आधार के विस्तार को मंजूरी दे दी है( जनवरी 2022)। जवाब कुछ और मांगा, पर उत्तर दिया कुछ और। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि लाभार्थी पंजीकरण की ऑनलाइन प्रणाली, लाभार्थी के दस्तावेजों को पात्र लाभार्थियों की 2011 की सूची के साथ मिलान करने के आधार पर जो मिलान विश्वास स्कोर उत्पन्न करती है, वह अप्रभावी हो गया है क्योंकि पंजीकरण के लिए आवेदनों को मिलान विश्वास स्कोर के बावजूद स्वीकृत या अस्वीकार कर दिया गया था। डेटा विश्लेषण से पता चला कि किसी व्यक्ति के पंजीकरण की स्वीकृतिध्अस्वीकृति प्रक्रिया के दौरान मिलान विश्वास स्कोर लागू नहीं किया गया था। पर्याप्त सत्यापन नियंत्रणों के अभाव में, लाभार्थी डेटाबेस में त्रुटियां देखी गयीं, जैसे अमान्य नाम, अवास्तविक जन्मतिथि, डुप्लिकेटपीएम जेएवाई आईडी, एक घर में परिवार के सदस्यों की अवास्तविक संख्या आदि। 36 मामलों में, 18 आधार संख्याओं के विरुद्ध दो पंजीकरण किये गये और तमिलनाडु में, सात आधार संख्याओं के विरुद्ध 4761 पंजीकरण किये गये। लाभार्थी पहचान प्रणाली (बीआईएस) में 11 से लेकर 7,49,820 लाभार्थियों तक एक ही या अमान्य मोबाइल नंबर के विरुद्ध कई लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में, 2018 से 2021 की अवधि के दौरान, एसईसीसी डेटा की सफाई के बाद एसएचए द्वारा क्रमशरू 16865 और 335 अपात्र लाभार्थियों की पहचान की गयी। छह राज्यों,केंद्र शासित प्रदेशों में, अपात्र परिवार पीएमजेएवाई लाभार्थियों के रूप में पंजीकृत पाये गये और उन्होंने योजना का लाभ उठाया था। इन अयोग्य लाभार्थियों पर चंडीगढ़ में 0.12 लाख रुपये से लेकर तमिलनाडु में ?22.44 करोड़ तक का खर्च आया। नौ राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों में अस्वीकृति मामलों के प्रसंस्करण में देरी हुई। देरी एक से 404 दिनों तक की थी। सात राज्यों,केंद्र शासित प्रदेशों में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सेल का गठन किया गया। 12 राज्यों,केंद्र शासित प्रदेशों में आईईसी सेल का गठन किया गया। शेष राज्यों में कोई सूचना उपलब्ध नहीं थी। केवल चार राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मणिपुर और राजस्थान में ही आईईसी योजना तैयार की गयी थी। महाराष्ट्र में, हालांकि योजना 2020-21 में तैयार की गयी थी, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया।14 राज्यों,केंद्र शासित प्रदेशों में, आईईसी गतिविधियों पर व्यय निर्धारित बेंचमार्क 25 प्रतिशत के मुकाबले आवंटित बजट का 0 से 20.24 प्रतिशत तक था। कई राज्यों,केंद्र शासित प्रदेशों में बुनियादी ढांचे, उपकरण, डॉक्टर आदि की कमी थी। उपलब्ध उपकरण गैर-कार्यात्मक पाये गये। कुछ सूचीबद्ध स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं (ईएचसीपी) ने न तो सहायता प्रणाली और बुनियादी ढांचे के न्यूनतम मानदंडों को पूरा किया और न ही दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित गुणवत्ता मानकों और मानदंडों के अनुरूप थे। कई राज्यों,केंद्र शासित प्रदेशों में, बुनियादी ढांचे, अग्नि सुरक्षा उपायों, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और अस्पताल पंजीकरण प्रमाण पत्र से संबंधित अस्पतालों के पैनल के लिए अनिवार्य अनुपालन मानदंडों का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया।

# न्यायपालिका और हिन्दुत्व वर्चस्ववादी परियोजना

सुभाष गाताडे

> ऐसे न्यायाधीशों को अदालतों में- खासकर उच्चतम अदालतों में - तैनात करना जो अपने फैसलों के लिए संविधान से परे जाने के लिए तैयार हों, अर्थात जो लोग संविधान प्रदत्त प्रक्रियाओं के बजाय जनता की भावना या उसके एक हिस्से की आस्था की दुहाई देने के लिए भी तैयार हों य और दूसरा कदम हैरू अगर उच्चतम अदालतों में ऐसे न्यायाधीशों की तादाद बढ़ने लगती है जो धर्मशास्त्राीय हो अर्थात जो संविधान के बजाय धर्मशास्त्र में कानून का स्त्रोत ढूंढते हों, तो फिर बेहद आसान हो जाएगा कि भारत को हिन्दू धर्मतंत्र घोषित करना, उसी संविधान के तहत। अपने इस व्याख्यान में उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार और बाद में भाजपा की अगुवाई में विगत एक दशक से केंद्र में सत्ता की बागडोर संभालने के दौरान उच्च अदालतों में हुई।

दुनिया में जनतंत्र पर मंडराते खतरों की तरफहाल के समय में बार बार लिखा गया है। जानकारों ने इस बात को साफकिया है कि किस तरह जनतंत्र का कवच साबित होने वाली उसकी संस्थाओं को अंदर से कमजोर करके , कार्यपालिका, विधायिका या न्यायपालिका को अंदर से खोखला करके या इन सुरक्षा कवच का अपहरण करके भी इसे बखूबी अंजाम दिया जा सकता है। भारत में जहां हम कार्यपालिका का, अर्थात उसकी विभिन्न संस्थाओं को प्रभावहीन बनाने या उन्हें सत्ताधारी पार्टियों के मातहत करने की परिघटना को बारीकी से देख रहे हैं, मगर अभी तक न्यायपालिका में आ रहे बदलावों की तरफहमारी निगाहें कम गई हैं। गौरतलब है कि भारत में ऐसे बहुत कम कानून के विद्वान हैं या वकील हैं जिन्होंने भारत की न्यायपालिका के गति विज्ञान को बारीकी से देखा है और उसके रास्ते हमारे सामने रफ्ता-रफ्ता नमूदार हो रहे खतरों की तरफइशारा किया है। जनाब डा मोहन गोपाल, का नाम ऐसे लोगों में शुमार हैं। कानून के यह आलिम और प्रैक्टिशनर हिन्दुत्व वर्चस्ववादी ताकतों के नजरिये के बारे में और उनकी रणनीतियों के बारे में बारीक समझ रखते हैं और संविधान के हिसाब से एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, समाजवादी और संप्रभु भारत को हिन्दु राष्ट्र में तब्दील करने के उनके इरादों के बारे में बताते हैं कि श्वह संविधान को उखाड़ फेंक कर नहीं बल्कि सर्वोच्च अदालत द्वारा उसकी एक हिन्दू दस्तावेज के रूप में व्याख्या करकेश् अमल में लाना चाहते हैं। कुछ वक्फा पहले श्लाईव लॉश् द्वारा आयोजित एक प्रोग्राम में बोलते हुए उन्होंने उसके गतिविज्ञान को साफकिया था। उनके हिसाब से पहला कदम हैरू

ऐसे न्यायाधीशों को अदालतों में- खासकर उच्चतम अदालतों में - तैनात करना जो अपने फैसलों के लिए संविधान से परे जाने के लिए तैयार हों, अर्थात जो लोग संविधान प्रदत्त प्रक्रियाओं के बजाय जनता की भावना या उसके एक हिस्से की आस्था की दुहाई देने के लिए भी तैयार हों य और दूसरा कदम हैरू अगर उच्चतम अदालतों में ऐसे न्यायाधीशों की तादाद बढ़ने लगती है जो धर्मशास्त्राीय हो अर्थात जो संविधान के बजाय धर्मशास्त्र में कानून का स्त्रोत ढूंढते हों, तो फिर बेहद आसान हो जाएगा कि भारत को हिन्दू धर्मतंत्र घोषित करना, उसी संविधान के तहत। अपने इस व्याख्यान में उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार और बाद में भाजपा की अगुवाई में विगत एक दशक से केंद्र में सत्ता की बागडोर संभालने के दौरान उच्च अदालतों में हुई नियुक्तियों का भी विवरण दिया था और इस बात को साफकिया था कि किस तरह न्यायपालिका में ऐसे न्यायाधीशों की अधिक नियुक्ति हो रही है, जो फैसला देते हुए संविधान से परे देखने के लिए भी तैयार हों। उनके हिसाब से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हिजाब मसले पर दिया हुआ बंटा हुआ फैसला इस दिशा में एक अहम मुकाम कहा जा सकता है। वैसे कानून के इस अग्रणी विद्वान को-डा मोहन गोपाल को - इस बात का कतई पूर्वाभास नहीं रहा होगा कि न्यायपालिका के इतिहास में एक दिन ऐसा भी आएगा कि खुद भारत के सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश सार्वजनिक तौर पर इस बात का ऐलान करेगा कि अहम कानूनी फैसलों में कम से कम वह संविधान से कम बल्कि अपनी व्यक्तिगत आस्था या उनके अपने देवता की श्सलाहश् पर निर्भर रहते हैं। ध्यान रहे यही कहें। कहा जाता है कि एक सच्चा धार्मिक व्यक्ति, अपने ईश्वर,खुदा के साथ अपने संवाद को, अपनी प्रार्थना को बेहद निजी मामला बनाए रखना चाहता है ताकि उसमें कोई विघ्न न आए। यह अलग बात है कि मुख्य न्यायाधीश जनाब चंद्रचूड़ द्वारा जिस तरह प्रधानमंत्री को पूजा के लिए आमंत्रित किया गया और फिर इस निजी आयोजन को पूरी तरह



यह बात उन्होंने अपने पूरे होशोहवास में अपने पुश्तैनी गांव में एक जनसभा में कही। दरअसल मुख्य न्यायाधीश की इस स्वीकारोक्ति का एक दिलचस्प साईड इफेक्ट साफदिख रहा है। वह है बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर सामने आए विवादास्पद फैसले के अब तक श्अज्ञातश् रहे पहलू का।

मालूम हो तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के तहत बनी पांच सदस्यीय पीठ ने इस फैसले दौरान कुछ बातें बिल्कुल साफकी थी कि वर्ष 1948 में तत्कालीन बाबरी मस्जिद में दक्षिणपंथी तत्वों द्वारा चोरी से राम की मूर्तियां स्थापित करने का काम श्गैरकानूनीश् था तथा 1992 में जब बाबरी मस्जिद के विध्वंस को अंजाम दिया गया तो वह श्खुल्लमखुल्ला कानून केराज का उल्लंघनश्श् था। यह अलग बात है कि आला अदालत ने उन्हीं उल्लंघनकर्ताओं को उसी विवादास्पद स्थान पर मंदिर बनाने का जिम्मा सौंपा था। याद रहे भले ही पांच सदस्यीय पीठ ने इस फैसले को अंजाम दिया हो, मगर इस पर किसी के दस्तखत नहीं थे। शायद आजाद हिन्दोस्तां का यह पहला मुकदमा रहा होगा, जहां औपचारिक तौर पर उसका कोई एक ऑथर अर्थात प्रदत्त करने वाला नहीं है। अब तक इसकी कोई वजह साफ नहीं थी कि पांच गणमान्यों में से किसी ने भी इस पर अपने दस्तखत क्यों नहीं किए, यह कहा जा सकता है कि जिस तरह वेदों को अपौरूषेय अर्थात ईश्वर द्वारा निर्मित कहा जाता है तो शायद भविष्य की पीढ़ियां भी इस मसले पर सार्वजनिक किया गया, सरकार से सम्बद्ध गोदी चौनलों ने उसका पूरा प्रसारण करने दिया गया, इसका अर्थ यही निकलता है कि प्रधानमंत्री मोदी और निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश में भी एक अन्य समानता है। दोनों अपने इस निजी प्रसंगों का सार्वजनिक प्रदर्शन करने में कोई गुरेज नहीं होता बल्कि दोनों इसे चाहते हैं। अभी ज्यादा महीना नहीं बीता जब मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर को भेंट दी थी, जहां वह हल्का केसरिया वस्त्र भी पहने दिख रहे थे। मंदिर की यात्रा छिपी रह जाती, अगर उसके बाद उन्होंने राजकोट में अदालत की नयी इमारत के उद्घाटन के अवसर पर कुछ विवादास्पद बातें नहीं कही होती। संविधान की कसम खाकर मुख्य न्यायाधीश बने जनाब चंद्रचूड़ ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि किस तरह वह द्वारकाधीश मंदिर के ध्वज से प्रेरित हुए थे - जो जगन्नाथ पुरी में लगे ध्वज की तरह ही था और किस तरह यह ध्वज श्हमारे राष्ट्र की सार्वभौमिकता की परम्परा की नुमाइन्दगी करते हैं, जिसने हमें एक साथ जोड़े रखा है। वैसे यह आकलन करने के लिए अधिक विवेक की जरूरत नहीं है कि भारत जैसे एक धर्मनिरपेक्ष मुल्क में - जिसने स्वाधीनता हासिल करने के बाद से ही सर्व धर्म समभाव की नीति अपनायी है, धर्म के आधार पर, सम्प्रदाय के आधार पर किसी के साथ भेदभाव करने का संकल्प लिया है - जहां तिरंगा एकमात्र ऐसा ध्वज समझा जाता है।

# कनाडा में उपद्रव

यूं तो कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों की घटनाएं गाहे-बगाहे सामने आती रहती हैं। जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बनी रहती है। लेकिन ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभिव्यक्ति व आस्था की आजादी की डींगें हांकने वाली ट्रूडो सरकार की, ब्रैम्पटन के मंदिर में हुई निंदनीय हिंसा से संवेदनशीलता से निबटने में अयोग्यता ही उजागर हुई है। लगातार खराब होते दोनों देशों के रिश्तों के बीच यह घटनाक्रम जस्टिन ट्रूडो सरकार की छवि पर दाग लगाता है। दरअसल, पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। सतही तौर पर तो ट्रूडो ने ब्रैम्पटन के मंदिर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की निंदा की है। साथ ही कहा है कि उसके प्रत्येक कनाडाई नागरिक को स्वतंत्र तरीके और सुरक्षित रूप से अपनी आस्था की अभिव्यक्ति व पालन का अधिकार है। लेकिन दूसरी ओर राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये पृथकतावादियों को खुली छूट दी जा रही है। ऐसे में उन्हें भारत विरोधी तत्वों को मनमानी करने देने के लिये स्थिति को स्पष्ट करना होगा। यह आरोप दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा कि कनाडाई पुलिस ने हिंदू भक्तों को निशाना बनाया और खालिस्तान समर्थकों को बचाने की कोशिश की। निश्चित तौर पर ट्रूडो सरकार के इशारे पर यह घटनाक्रम सबसे बुरे दौर में पहुंचे भारत-कनाडा संबंधों के बीच आग में घी डालने जैसा कृत्य है। बहरहाल, यह तय है कि रह-रह कर सामने आ रही यह हिंदू-सिख संबंधों में तल्खी, भारत तथा कनाडा सरकारों के संबंधों में आ रही गिरावट से गहरे तक जुड़ती है। हाल के दिनों में कनाडा सरकार के मंत्रियों ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए अनेक आक्षेप किये हैं। यहां तक कि कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने भारतीय गृह मंत्री पर आरोप लगाये कि उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये हिंसा व खुफिया जानकारी जुटाने के आदेश दिए। जैसा कि स्वाभाविक ही था इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप का भारत सरकार ने भी कड़ा प्रतिवाद किया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नई दिल्ली ने इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताकर नकार दिया है। आरोप है कि कनाडा सरकार खालिस्तान समर्थक कनाडाई नागरिकों को भारत सरकार के खिलाफलड़ने के लिये उकसा रही है। इसके संरक्षण व उकसावे के चलते उनके भारत विरोधी प्रदर्शनों ने उन्हें भारतीय मूल के उन कनाडाई नागरिकों के साथ टकराव की राह पर ला खड़ा किया है, जो अपनी आस्तीन पर तिरंगा पहनते हैं। यह विडंबना ही है कि जो कनाडा गर्व के साथ अपने देश को अवसरों की शांतिप्रिय भूमि कहते हुए नहीं थकता है, उसे सांप्रदायिक सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्ती से निबटने की जरूरत है। वास्तव में उपद्रव करने वाले तत्वों पर समय रहते नकेल कसने की जरूरत है, चाहे वे किसी भी समुदाय के हों। निश्चित रूप से जस्टिन ट्रूडो सरकार को वहां सक्रिय अलगाववादियों को भारत के खिलाफजहर उगलने के लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए। निश्चित रूप से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ट्रूडो सरकार द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देना उसकी राजनयिक और लोकतांत्रिक साख को कमजोर करने वाला कदम ही है। यह विडंबना ही है कि कानून का पालन करने वाले प्रवासी भारतीय सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा दांव पर है। दरअसल, अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार राजनीतिक स्वार्थों के लिये निचले स्तर का खेल खेल रही है। वह चाह रही है कि अगले साल होने वाले आम चुनाव में फिर सरकार बना पाए। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, भारत-कनाडा संबंधों को बचाने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे भारत-कनाडा संबंधों को सामान्य बनाने के लिये यह अपरिहार्य शर्त भी है।

# जीवन-संघर्ष से पलायन, अकर्मण्यता की परिणीति

संजीव ठाकुर

> भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैसत्रषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके।

अकर्मण्यता शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है जो जीवन को निरर्थक बनाती है। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं ऊर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेंस कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता हैस निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है। जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैस बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंस सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंस मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए स यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैस जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैस यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है,मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंस सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएसइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करूणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है, और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है।
भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैसत्रषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है । आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफदौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है।
मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

# वनडे रैंकिंग में हरमनप्रीत कौर नौवें स्थान पर पहुंचीं

## स्मृति मंधाना चौथे पायदान पर बरकरार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मंगलवार को महिला वनडे प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फिर से टॉप-10 बैटर्स की लिस्ट में एंट्री कर ली है। हरमनप्रीत दो स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से नौवें पर पहुंच गई हैं। उनके फिलहाल 654 रेटिंक अंक हैं। न्यूजीलैंड कैप्टन सोफी डिवाइन के भी इतने अंक हैं। हरमनप्रीत ने पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में फिफ्टी जड़ी थी। उन्होंने 63 गेंदों में 6 चौकों के जरिए नाबाद 59 रन की पारी खेली। भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की। भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे में शतक ठोका था। उन्होंने 122 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 100 रन बनाए। मंधाना को सेंचुरी लगाने के बावजूद रैंकिंग में फायदा नहीं मिला। वह चौथे स्थान पर ही बरकरार हैं। हालांकि, मंधाना के 25 रेटिंग अंक बढ़े हैं। उनके खाते में अब 728 अंक हो गए हैं। बल्लेबाजों की सूची में टॉप पर इंग्लैंड की साइवर ब्रंट (760) हैं। साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वाड्र्ट (756) दूसरे और श्रीलंका की कैप्टन चमारी अटापट्टू (733) तीसरे स्थान पर हैं। टॉप-10 में सिर्फ दो भारतीय खिलाड़ी हैं। न्यूजीलैंड की ब्रुक हैलीडे ने लंबी छलांग लगाई है। वह 12 स्थान ऊपर चढ़कर 24वें पर पहुंच गई हैं। उनके 524 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में 96 गेंदों में 86 रन बनाए थे, जिसमें 9 चौके और तीन सिक्स शामिल हैं। वहीं, गेंदबाजों की सूची की बात करें तो भारत की दीप्ति शर्मा दूसरे पायदान पर कायम हैं। ऑफ स्पिनर ने आखिरी वनडे में 39 रन देकर 3 विकेट चटकाए थे, जिसके बाद उनकी रेटिंग 703 अंक हो गई है। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष (770) पर बनी हुई हैं। इंग्लैंड की केट क्रॉस (686) दूसरे नंबर पर हैं। टॉप-10 बॉलर्स में दीप्ति एकमात्र भारतीय हैं।



# कुश्ती में वापसी करेंगी विनेश फोगाट!

## संन्यास पर यू टर्न का तीसरी बार दिया इशारा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विनेश ने पेरिस ओलंपिक की अपनी तस्वीर शेयर की। वह इस तस्वीर में बहुत जोश में नजर आ रही हैं। विनेश ने तस्वीर शेयर करके कैप्शन में लिखा कि, मान लिया तू है आज थक गया, मान लिया तू है आज घायल परिंदा, पर हौसला तुझमें अब भी बाकी है, लक्ष्य के लिए अब भी तू है जिंदा।

भारतीय रेसलर विनेश फोगाट विधायक बन चुकी हैं। रेसलिंग में अपनी विरोधियों को पटखनी देने वाली विनेश बीते महीने चुनाव मैदान में प्रचार करती नजर आईं। लोगों से वोट मांगती नजर आईं। इसके बदले में जनता ने उन्हें काफी प्यार दिया और उन्हें जीत भी मिली। इस दौरान उनके अंदर का खिलाड़ी अभी भी जिंदा है, बीते सात दिन में तीन बार इशारा दिया है कि जिससे लगता है कि ये विधायक फिर से रेसलर बन सकती है। सोमवार को विनेश ने पेरिस ओलंपिक की अपनी तस्वीर शेयर की। वह इस तस्वीर में बहुत जोश में नजर आ रही हैं। विनेश ने तस्वीर शेयर करके कैप्शन में लिखा कि, मान लिया तू है आज थक गया, मान लिया तू है आज घायल परिंदा, पर हौसला तुझमें अब भी बाकी है, लक्ष्य के लिए अब भी तू है जिंदा। उन्होंने इस तस्वीर में सिंगर सिद्धू मूसेवाला का गाना भी लगाया। वहीं विनेश के इस पोस्ट से फैंस उनकी वापसी के कयास लगा रहे हैं। कुछ ने कमेंट करके ये भी लिखा कि विनेश ओलंपिक मेडल जीतकर ही दम लेंगी।



# संक्षिप्त सामाचार

## एमवीए ने नये विज्ञापन जारी किए, महंगाई को लेकर महायुति की विफलताओं को किया उजागर

**मुंबई।** महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने मंगलवार को एक नया विज्ञापन जारी किया जिसमें प्रत्यक्ष तौर पर राज्य की महायुति सरकार पर निशाना साधा गया। विज्ञापन में जोर दिया गया है कि कैसे गैस और पेट्रोल जैसी आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने उन्हें राज्य भर में घरों की पहुंच से बाहर कर दिया है। महाराष्ट्र कांग्रेस कमेटी की ओर से मीडिया के लिए जारी बयान के मुताबिक विज्ञापन में महिलाओं की ओर से महायुति सरकार के खोखले दावों को भी उजागर किया गया है। इसमें दिखाया गया है कि लड़की बहन जैसी योजनाएं उनकी नीतियों से बदतर हुए मूल मुद्दों को संबोधित करने में विफल रही हैं। ज्ञापन अभियान में महंगाई को केंद्रीय मुद्दा बनाया गया है, जिसमें एमवीए गठबंधन महाराष्ट्र के लोगों पर महायुति की विफलताओं के प्रभाव को उजागर कर रहा है। बयान में कहा गया है कि विज्ञापन का संदेश मजबूत और स्पष्ट है कि महाराष्ट्र को महायुति की नीतियों से बेहतर की जरूरत है, जिसने कीमतों में उछाल ला दिया है और आवश्यक वस्तुओं को नागरिकों की पहुंच से बाहर कर दिया है।अंतिम समय में बनायी गयी कोई भी योजना उनकी घटती किस्मत को नहीं बचा पायेगी।

## फिर चोटिल हुए ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार, 12 महीने बाद हुई थी वापसी

**रियाद।** चोटिल होने के कारण 12 महीने तक बाहर रहने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करने वाले ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार अपने दूसरे मैच में ही फिर से चोटिल हो गए। नेमार एएफसी चैंपियंस लीग एलीट वर्ग के इस मैच में सऊदी अरब के अपने क्लब अल हिलाल की तरफ से 58वें मिनट में मैदान पर उतरे लेकिन खेल समाप्त होने से तीन मिनट पहले उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।

ऐसा लग रहा था कि पेनल्टी एरिया में गेंद पर कब्जा करने के लिए पांव फैलाने से उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। नेमार के पास हालांकि इस चोट से उबरने का पर्याप्त समय है क्योंकि अल हिलाल को अपना अगला मैच 25 नवंबर को खेलना है। अल हिलाल ने इस मैच में ईरान के क्लब एस्टेघलाल को 3-0 से हराया। चार बार के एशियाई चैंपियन अल हिलाल की तरफ से अलेक्जेंडर मित्रोविच ने हैट्रिक बनाई। उसने ग्रुप चरण में अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं।

## युवराज सिंह ने विराट कोहली को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली 5 नवंबर को अपना 36वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस दौरान क्रिकेट जगत और उनके फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी कोहली को बधाई दी है। युवराज सिंह ने कहा है कि विराट कोहली आप हर बार की तरह इस बार भी दमदार वापसी करो। क्योंकि आपने पहले भी ऐसा किया है। इस मौके पर युवराज ने एक मजेदार वीडियो भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वे जूता लेकर फोन करते दिख रहे हैं।हालांकि, ये वीडियो काफी पुराना है लेकिन युवराज सिंह ने ये वीडियो शेयर कर लोगों के बीच इस वीडियो को फिर से जिंदा कर दिया। इस वीडियो में युवराज कहते हैं हैलो... इस पर विराट कोहली कहते हैं मैं राजू बोल रहा... फिर युवी कहते हैं हां जी इसके बाद कोहली कहते हैं मैंनू पनीर चहिदा इसके बाद युवी ने वीडियो में विराट को उन कुछ तस्वीरों और वीडियो को लगाया है। जिसमें विराट का रौद्र रूप एक बल्लेबाज के तौर पर देखने को मिल रहा है। इसके बाद कुछ ऐसी तस्वीरें और वीडियो हैं, जिनमें युवराज और विराट साथ में नजर आ रहे हैं।

## 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत ने बढ़ाया पहला कदम

**नई दिल्ली।** भारत ने 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने के लिए एक कदम आगे बढ़ा दिया है। न्यूज एजेंसी हुद्ध के अनुसार, भारतीय ओलंपिक संघ ने इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को पत्र भेजा है।

केंद्रीय खेल मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, आईओए ने एक अक्टूबर को आईओसी को आधिकारिक रूप से भविष्य में ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा जताई और पत्र लिखा। भारत लंबे समय से 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा जता चुका है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई मौकों पर इस बारे में राय रखी और अपने इरादे जाहिर किए हैं। हालांकि, अब भारत ने इस दिशा में बड़े कदम उठाए हैं।

# जोस बटलर कर रहे हैं इंग्लैंड की टीम में वापसी

## फिर भी विकेटकीपर की जिम्मेदारी संभालेगा ये खिलाड़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की व्हाइट बॉल टीम के कप्तान जोस बटलर चोट से उबरने के बाद वापसी करने जा रहे हैं। हालांकि, वे वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। फिल साल्ट को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। बटलर की अनुपस्थिति में फिल साल्ट ही विकेट के पीछे खड़े हुए थे और वे ऐसा करना जारी रखेंगे। जोस बटलर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज नहीं खेले थे। ऐसे में फिल साल्ट टी20 टीम के कप्तान थे और हैरी ब्रूक वनडे इंटरनेशनल टीम के कप्तान बनाए गए थे।

बारबाडोस में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले जाने वाले तीसरे वनडे मैच से पहले साल्ट ने कहा कि उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के लिए बहुत ज्यादा विकेटकीपिंग नहीं की है, लेकिन उनको विकेट के पीछे रहना अच्छा लगता है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने साल्ट के हवाले से कहा, मैंने हाल में इंग्लैंड के लिए ज्यादा विकेटकीपिंग नहीं की है, लेकिन मुझे विकेटकीपिंग करना अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि मैं टीम के लिए सबसे ज्यादा योगदान इसी से दे सकता हूं।

साल्ट ने तीनों प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए अब तक 59 मैच खेले हैं और सिर्फ 13 मैचों में ही विकेटकीपिंग की है और उन्हें कैरेबियाई देशों के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, बटलर ने केंसिंग्टन ओवल में ट्रेनिंग शुरू कर दी है। भले ही 34 वर्षीय बटलर वनडे सीरीज के तीसरे मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन वे पांच मैचों की टी20 सीरीज से कप्तानी की जिम्मेदारी फिर से संभालेंगे। जून में टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ इंग्लैंड को मिली हार के बाद बटलर का यह पहला मैच होगा। जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, जाफर चौहान, सैम करन, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, डैन मूसली, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट



# वर्ष 2024-25 में चावल, मक्का और मूंगफली की रिकॉर्ड पैदावार अनुमान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वर्ष 2024-25 में कुल खरीफ खाद्यान्न पैदावार 1647.05 लाख टन होने का अनुमान है जो पिछले वर्ष के खरीफ खाद्यान्न पैदावार की तुलना में 89.37 लाख टन अधिक और औसत खरीफ खाद्यान्न पैदावार की तुलना में 124.59 लाख टन अधिक है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां वर्ष 2024-25 के लिए मुख?य कृषि फसलों -खरीफ की पैदावार के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी कर दिए गए। प्रथम अग्रिम अनुमान के अनुसार चावल, ज्वार और मक्का के अच्छे उत्पादन के कारण खाद्यान्न पैदावार में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई है। अग्रिम अनुमान में कहा गया है कि वर्ष 2024-25 के दौरान कुल खरीफ खाद्यान्न पैदावार 1647.05 लाख टन होने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष के खरीफ खाद्यान्न पैदावार की तुलना में 89.37 लाख टन अधिक और औसत खरीफ खाद्यान्न पैदावार की तुलना में 124.59 लाख टन अधिक है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार की किसान हितैषी नीतियों, किसान भाइयों-बहनों और कृषि वैज्ञानिकों की अथक मेहनत के फलस्वरूप कृषि क्षेत्र की निरंतर प्रगति हो रही है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 के दौरान खरीफ चावल की पैदावार 1199.34 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के खरीफ चावल पैदावार से 66.75 लाख टन अधिक और औसत खरीफ चावल पैदावार से 114.83 लाख टन अधिक है। खरीफ मक्का की पैदावार 245.41 लाख टन एवं खरीफ पोषक - मोटे अनाजों की पैदावार 378.18 लाख टन अनुमानित है। इसके अलावा, वर्ष 2024-25 के दौरान कुल खरीफ दलहनों की पैदावार 69.54 लाख टन अनुमानित है। वर्ष 2024-25 के दौरान देश में कुल खरीफ तिलहन पैदावार 257.45 लाख टन अनुमानित है, जो कि पिछले वर्ष के खरीफ तिलहन पैदावार की तुलना में 15.83 लाख टन अधिक है। वर्ष 2024-25 के लिए खरीफ मूंगफली पैदावार 103.60 लाख टन एवं सोयाबीन की पैदावार 133.60 लाख टन अनुमानित है। वर्ष 2024-25 के दौरान देश में गन्?ने की पैदावार 4399.30 लाख टन अनुमानित है। कपास की पैदावार 299.26 लाख गांठें (प्रति गांठ 170 किग्रा.) होने का अनुमान है। पटसन एवं मेस्?ता की पैदावार 84.56 लाख गांठें (प्रति गांठ 180 किग्रा) अनुमानित है। मंत्रालय के अनुसार ये अनुमान मुख्यत? राज्यों से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार किए गए हैं। राज्यों से प्राप्त फसलों के क्षेत्रफल को रिमोट सेंसिंग, साप्ताहिक फसल मौसम निगरानी समूह और अन्य एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के साथ सत्यापित किया गया है।



## सरकारी ई-मार्केटप्लेस पोर्टल पर बीजों की 170 श्रेणियां जारी

**नयी दिल्ली।** गुणवत्तापूर्ण कृषि और बागवानी फसल के बीजों को लोगों तक आसानी से पहुंचाने के मिशन के तहत सरकारी ई मार्केटप्लेस (जेम पोर्टल) पर बीजों की 170 श्रेणियों को नया रूप देते हुये पेश किया है और इसके लिये बीज बिक्रेताओं को भी आमंत्रित किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार फसल के आगामी सीजन से पहले तैयार की गयी किस्मों में लगभग 8,000 तरह के बीज शामिल हैं, जिन्हें देश भर में प्रसार के लिये केंद्रीय और राज्य सार्वजनिक उपक्रमों के साथ ही अन्य सरकारी निकायों द्वारा खरीदा जा सकता है। मंत्रालय का कहना है कि सरकारी बीज निगमों और अनुसंधान निकायों सहित हितधारकों के साथ परामर्श के बाद जेम पोर्टल पर बीज खरीद के लिये बीज श्रेणियां का ढांचा तैयार किया गया है। सरकार के मौजूदा नियम और विनियमन तथा आवश्यक पैरामीटर शामिल होने से अधिकारियों के लिये खरीद की पूरी प्रक्रिया आसान हो गयी है। जेम की उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोली खरे ने कहा, ' बीजों की नयी श्रेणियों का लाभ उठाने और सरकारी निविदाओं में स्वतंत्र रूप से भाग लेने की प्रक्रिया के तहत हम विक्रेताओं को अपने प्रस्ताव भेजने के लिये आमंत्रित करते हैं।

# एचआईएल 2024-25 के लिए नई वेबसाइट लांच और कार्यक्रम की हुई घोषणा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के 2024-2025 संस्करण के लिए मंगलवार को एक समर्पित लीग वेबसाइट का शुभारंभ किया गया तथा बहुप्रतीक्षित सीजन के कार्यक्रम की घोषणा की गई।

एचआईएल की नई वेबसाइट 'हॉकीइंडियालीगडॉटकॉम' के जरिए दुनिया भर के प्रशंसकों तक लीग की ताजा खबरे, मैचों के कार्यक्रम, पूरी टीम की सूची और एक्सक्लूसिव वीडियो कंटेंट की पहुंच आसान होगी। इस वेबसाइट को एक आकर्षक और इमर्सिव अनुभव देने के लिए तैयार किया गया है। वेबसाइट एचआईएल से जुड़ी सभी चीजें उपलब्ध होगी जो कि प्रशंसकों और खिलाड़ियों को पहले से कहीं अधिक हॉकी के करीब लायेंगी।

खिलाड़ियों की व्यापक नीलामी के बाद, आठ पुरुष और चार महिला टीमें इस प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा और सबसे बेहतरीन एचआईएल सीजन होने वाला है। पुरुषों की लीग 28 दिसंबर को राउरकेला में शुरू होगी, इसके मैच दो चरणों में होंगे और एक फरवरी 2025 को अंतिम मुकाबला होगा। पहला चरण 28 दिसंबर से 18 जनवरी तक चलेगा। पहले चरण में सभी आठ टीमें एक-दूसरे के खिलाफ एक बार खेलेंगी। 19 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे चरण में टीमों को दो पूल में विभाजित किया जाएगा। पूल ए में दिल्ली एसजी पाइपर्स, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स, सूरमा हॉकी क्लब, वेदांत कलिंगा लांसर्स तथा पूल बी में गोनासिका, हैदराबाद तूफान, तमिलनाडु ड्रैगन्स, यूपी रुद्रस है। शीर्ष चार टीमों के बीच 31 जनवरी को सेमीफाइनल मुकाबले खेले जायेंगे। वहीं महिला टीमें 12 जनवरी 2025 को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में लीग की शुरुआत करेगी। प्रत्येक टीम एक-दूसरे के खिलाफ दो बार खेलेगी। प्रतिस्पर्धी पूल चरण के बाद, शीर्ष दो टीमों के बीच 26 जनवरी को फाइनल मुकाबला खेला जायेगा।



## सरसावा हवाई अड्डे से नहीं शुरू हुई उड़ानें, यात्रियों में बैचेनी

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के सरसावा हवाई अड्डे से पांच नवंबर को उड़ाने शुरू होने की घोषणा सही साबित नहीं हुई। उद्यमियों और कारोबारियों ने आज कहा कि लगता है कि इस हवाई अड्डे का उद्घाटन बिना तैयारियों के जल्दबाजी में कर दिया गया। 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी इस हवाई अड्डे का वर्चुअली उद्घाटन किया। तब घोषणा की गई थी कि वाराणसी, कुशीनगर, गोरखपुर, मुरादाबाद और हिंडन एयरबेस के लिए पांच नवंबर से हवाई सेवाएं शुरू हो जाएंगी। इस संबंध में जब सरसावा एयरपोर्ट के अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने इस संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण नहीं दिया।

# भारत आटा, भारत चावल वितरण कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार भारत आटा और भारत चावल वितरण कार्यक्रम के दूसरे चरण के लिये प्रारंभिक रूप से 3.69 लाख टन गेहूं और 2.91 लाख टन चावल उपलब्ध करायेगी। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री के दूसरे चरण का मंगलवार को यहां शुभारंभ किया। इसके तहत उभोक्ताओं को विभिन्न एजेंसियों के खुदरा बिक्री केंद्रों से नियंत्रित दर पर ये जिंसे वितरित की जाती हैं। पहले चरण में सामान्य उपभोक्ताओं को लगभग 15.20 लाख टन भारत आटा और 14.58 लाख टन भारत चावल रियायती दरों पर उपलब्ध कराया गया। श्री जोशी ने कहा कि यह पहल उपभोक्ताओं को रियायती मूल्यों पर आवश्यक खाद्य सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। उन्होंने के साथ कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में विभाग के राज्य मंत्री बी एल वर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने एनसीसीएफ, नेफेड और केंद्रीय भंडार की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार दूसरे चरण में उपभोक्ताओं को 30 रुपये प्रति किलोग्राम के अधिकतम खुदरा मूल्य की दर से भारत आटा और 34 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से भारत चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री जोशी ने मीडियाकर्मियों से कहा कि यह पहल उपभोक्ताओं को रियायती कीमतों पर आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि है।

# सेंसेक्स-निफ्टी करीब एक फीसदी उछले

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के दिन विश्व बाजार में रही तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर धातु, बैंकिंग, कमोडिटीज, वित्तीय सेवाएं और तेल एवं गैस समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार पिछले दिवस की गिरावट से उबरकर आज करीब एक प्रतिशत की बढ़त लेकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 694.39 अंक अर्थात 0.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,476.63 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 217.95 अंक यानी 0.91 प्रतिशत की छलांग लगाकर 24,213.30 अंक हो गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.48 प्रतिशत मजबूत होकर 45,896.99 अंक और स्मॉलकैप 0.41 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 54,930.82 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4058 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2468 में तेजी जबकि 1478 में गिरावट रही वहीं 112 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियों में बिकवाली जबकि अन्य 11 में लिवाली हुई। इस दौरान बीएसई के 16 समूहों का रुख सकारात्मक रहा। इससे धातु 2.38, बैंकिंग 2.09, कमोडिटीज 1.84, सीडी 0.29, ऊर्जा 0.46, वित्तीय सेवाएं 1.58, हेल्थकेयर 0.17, इंडस्ट्रियल्स 0.23, दूरसंचार 0.83, यूटिलिटीज 0.67, ऑटो 0.81, कैपिटल गुड्स 0.16, कंज्यूमर डयूरेबल्स 0.37, तेल एवं गैस 1.08, पावर 0.21 और रियल्टी समूह के शेयर 0.68 प्रतिशत चढ़ गए।



प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्नीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# हिन्दू मंदिर पर हमला

## सबूत है कि कनाडा में भारत विरोधी उग्रवादी ताकतों को राजनीतिक स्थान मिला हैः जयशंकर

एजेंसी

**कैनबरा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज कहा कि कनाडा के ओंटारियो में एक हिंदू मंदिर में खालिस्तानी उग्रवादियों द्वारा की गई हिंसा की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं और घटना के वीडियो फुटेज इस बात का पुख्ता प्रमाण हैं कि कनाडा सरकार द्वारा उग्रवादी तत्वों को राजनीतिक तवज्जो दी जा रही है। डॉ. जयशंकर ने यहां ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में पिछले साल खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय संलिप्तता के कनाडा सरकार के आरोपों पर एक सवाल का जवाब देते हुए, विदेश मंत्री ने कहा कि कनाडा ने विवरण दिए बिना आरोप लगाने की एक शैली विकसित की



है। उन्होंने यह भी कहा कि एक सच्चाई यह भी है कि कनाडा भारतीय राजनयिकों को निगरानी में रख रहा है जो हमें एकदम अस्वीकार्य है। ब्रैम्पटन घटना पर उनकी प्रतिक्रिया पूछे जाने पर विदेश मंत्री ने कहा कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान जारी किया है और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भी अपनी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, कल हिंदू मंदिर में जो हुआ वह बेहद चिंताजनक है। आपने कल भारत के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता का बयान और हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी की चिंता की अभिव्यक्ति देखी होगी। इससे आपको पता चल जाएगा कि हम इसके बारे में कितनी गहराई से महसूस करते हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा ओंटारियो के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर परिसर के अंदर हुई हिंसा के वीडियो प्रसारित हुए हैं जो यह दर्शाते हैं कि आज वहां भारत विरोधी उग्रवादी ताकतों को कितनी राजनीतिक जगह दी जा रही है। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के यह कहने पर कि ऑस्ट्रेलिया शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार में विश्वास करता है, विदेश मंत्री ने इसका जवाब देते हुए कहा कि भारत स्वतंत्रता में विश्वास करता है, लेकिन हम यह भी मानते हैं कि स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि बैठक में उन्होंने सुश्री वोंग से इस बारे में खुल कर बात की है, बिल्कुल उसी तर्ज पर जिस पर वह यहां मंच पर कर रहे हैं। कनाडा की घटना के बारे में सुश्री वोंग ने कहा, उनकी आस्था, संस्कृति, वे कौन हैं और कहां हैं, इसकी परवाह किए बिना सभी लोग सुरक्षित और सम्मानित होने के हकदार हैं। यह भारतीय समुदाय के लिए बहुत परेशान करने वाली बात है। बर्बरता, तोड़फोड़ की घटनाओं से सुरक्षा एजेंसियों द्वारा समुचित रूप से निपटा जाना चाहिए।

## एसईसीआर के छह कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

एजेंसी

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) में कार्यरत संरक्षा कोटि के छह कर्मचारियो को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए सम्मानित किया गया।

एसईसीआर की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने मंगलवार को इन सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया। रेल परिचालन में संरक्षा एसईसीआर की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, एसईसीआर के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है। इसी कड़ी में आज भी यह बैठक आयोजित की गयी। बिलासपुर रेल मण्डल के लोको पायलट (मेल एक्सप्रेस) सर्वेश्वर साहू ने 13 अक्टूबर, 2024 को परमालकसा-राजनांदगांव सेक्शन के मेन लाइन पर ट्रेन संचालन के दौरान दो रेल पटरियों के बीच रेल स्तर में अंतर देखकर तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और वहाँ से गुजरते समय उन्हें भारी झटका महसूस हुआ। तत्पश्च्यात इन्होंने आवश्यक सावधानी बरतते हुए टीएलसी/नागपुर और स्टेशन मास्टर/परमालकसा को सूचित किया और ये सुनिश्चित किया कि पीछे से किसी भी ट्रेन को आने की अनुमति न दी जाए । इसके उपरांत पूरी ट्रेन की जांच की गयी, लेकिन ट्रेन में कोई खराबी नहीं पायी गयी परंतु घटनास्थल की जांच करने पर रेल-फ्रेक्चर का पता चला। रेल-फ्रेक्चर के उचित मरम्मत के बाद उस रेल लाइन पर रेल परिचालन पुन: सुचारु रूप से बहाल किया गया। श्री सर्वेश्वर साहू के सूझबूझ के कारण रेल-फ्रेक्चर की पहचान हुई जिससे कि एक संभावित रेल दुर्घटना को टाला जा सका और इनकी सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई । इसी प्रकार 12 सितंबर, 2024 को सीनियर ट्रेन मैनेजर ब्रह्म देव पंडित द्वारा लॉन्ग हॉल मालगाड़ी के सेकेंड पार्ट की जिम्मेदारी संभालते हुए ट्रेन रोलिंग के दौरान हैंगिंग पार्ट सब रोड को टूटकर लटकते हुए देखा ।

## संक्षिप्त सामाचार

### केदारनाथ की पंचमुखी डोली ओंकारेश्वर मंदिर पहुंची, पूजा फिर शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड में भगवान केदारनाथ जी की पंचमुखी डोली श्री विश्वनाथ मंदिर, गुप्तकाशी से सेना के बैंड के भक्तिमय धुनों तथा स्थानीय वाद्य यंत्रों के साथ समारोह पूर्वक मंगलवार अपराह्न शीतकाल गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ पहुंच गयी। जहां श्रद्धालुओं ने डोली का भव्य स्वागत किया। आज ओंकारेश्वर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया है। श्री बदरीनाथ -केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र, मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने भगवान केदारनाथ जी की पंचमुखी डोली के शीतकालीन गद्दीस्थल पहुंचने पर शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि गत रविवार भैयादूज को शीतकाल के लिए श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद हुए थे। सोमवार को भगवान केदार नाथ जी की पंचमुखी डोली रामपुर से प्रस्थान कर सायं श्री विश्वनाथ मंदिर, गुप्तकाशी पहुंची। जहां रात्रि विश्राम पश्चात, आज प्रात: नौ बजे श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ के लिए प्रस्थान किया। श्रद्धालुओं ने डोली का पूरे यात्रा मार्ग गुप्तकाशी बाजार, विद्यापीठ, कुंड, संसारी मार्ग पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया। श्री ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचने पर भी बाबा केदारनाथ की डोली का भव्य स्वागत हुआ।

### डेका ने भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को राजभवन में आधुनिक असम के सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. हजारिका जी का योगदान न केवल असम बल्कि संपूर्ण भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करता है। वह केवल एक गायक या संगीतकार नहीं थे, बल्कि, वे उन चंद लोगों में से थे जिन्होंने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। उन्होंने कई फिल्मों का निर्देशन भी किया। वे भारतीय संगीत अकादमी के निर्देशक भी रहे। श्री डेका ने कहा कि श्री हजारिका पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी के मित्र भी थे। श्री हजारिका असम विधानसभा के विधायक भी रहे। श्री डेका ने कहा कि श्री हजारिका की विरासत, उनके गीत और उनके कार्य हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगें। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम एवं राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने श्री हजारिका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### पांच स्कूलों को ईमेल के जरिए मिली बम की झूठी धमकी

**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर के विभिन्न स्थानों के पांच निजी स्कूलों को मंगलवार को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस को बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाना पड़ा। पुलिस ने कहा कि महात्मा गांधी सेंटेनरी विद्यालय स्कूल, राजम कृष्णमूर्ति पब्लिक स्कूल, राजाजी विद्यालय, और संथानम विद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल - सभी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध हैं और होली क्रॉस गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल को आज सुबह एक ईमेल मिला जिसमें धमकी दी गई थी कि संस्थानों में बमबारी होगी।

## लुधियाना में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के चार सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी

**लुधियाना।** काउंटर इंटेलिजेंस और लुधियाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए विदेश में रह रहे हरजीत सिंह उर्फ लाडी और साबी द्वारा संचालित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि इस अभियान के तहत शिवसेना नेताओं को निशाना बनाकर की गई पेट्रोल बम की घटनाओं को सफलतापूर्वक सुलझाया है, जिसमें 16 अक्टूबर, 2024 को योगेश बख्शी के आवास पर हमला और हाल ही में 02 नवंबर, 2024 को लुधियाना के मॉडल टाउन एक्सटेंशन में हरकीरत सिंह खुराना के घर पर हुई घटना शामिल है। श्री यादव ने बताया कि



मॉड्यूल के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, और टोही तथा ट्रैकिंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों के संपर्कों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है और अतिरिक्त गिरफ्तारियां की जानी हैं। डीजीपी ने कहा कि हरजीत सिंह उर्फ लाडी भी पंजाब के नांगल में विकास प्रभाकर की हत्या के मामले में वांछित आरोपी है और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।

## दो कारों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर. सिरोही राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर गोगुन्दा थाना क्षेत्र में घसियार गांव के समीप मंगलवार को दो कारों में टक्कर होने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा तीन महिला सहित चार घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि उदयपुर से सिरोही तरफ जा रही एक कार घसियार के समीप सामने आ रही गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन पर चली तथा अन्य कार से टकरा गयी। हादसे में कार में सवार सिरोही में बिजली विभाग में कार्यरत सहायक अभियंता हरीश शर्मा (45) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दूसरी कार में गुजरात से राजस्थान घूमने आये चार पर्यटक घायल हो गये जिनमें तीन महिलायें शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर राजमार्ग पर चलने वाली हाइवे पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को एम बी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## मंत्रियों की संख्या को लेकर सैनी सरकार को चुनौती

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नवाब सिंह सैनी की सरकार में मंत्रियों की संख्या सदन के सदस्यों की संख्या के 15 फीसदी से अधिक होने को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी है। मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायाधीश अनिल क्षेत्रपाल की खंडपीठ ने मंगलवार को याचिका पर केंद्र और हरियाणा सरकार को अपना पक्ष रखने के लिये कहा। मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। वकील जगमोहन सिंह भाटी की तरफ से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 164(1 ए) के अनुसार मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की संख्या सदन के सदस्यों की संख्या के 15 फीसदी से अधिक नहीं हो सकती। हरियाणा विधानसभा के 90 सदस्य हैं और श्री सैनी ने अपने



मंत्रिमंडल में 13 मंत्री शामिल किये हैं, जिससे मुख्यमंत्री को मिलाकर मंत्रियों की कुल संख्या 14 हो जाती है। याचिका में यह भी कहा गया है कि इससे पूर्व मार्च में जब श्री सैनी लोकसभा सीट से इस्तीफा दिये बगैर मुख्यमंत्री बने थे। उसे चुनौती देती याचिका पर भी सुनवाई अदालत में लंबित है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के जजपा से गठबंधन तोड़ते हुये मनोहर लाल खट्टर सरकार ने इस्तीफा दिया था और फिर श्री सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उस समय वह कुरुक्षेत्र सीट से सांसद थे। बाद में लोकसभा चुनाव के साथ श्री खट्टर के इस्तीफे से रिक्त करनाल विधानसभा सीट पर हुये उपचुनाव में वह विधायक चुने गये थे। लोकसभा चुनाव के लगभग चार महीने बाद हुये विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटें जीतकर हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाई और श्री सैनी फिर मुख्यमंत्री बने।

## यादव की अध्यक्षता में मंत्रीपरिषद की बैठक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद् की बैठक संपन्न हुई। बैठक से पहले अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के प्रयास के रूप में राज्य शासन द्वारा गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। अपनी संस्कृति के प्रति संवेदनशीलता को प्रकट करते इस नवाचार की सभी ओर सराहना हुई। गोवंश के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करने वाले इस पर्व से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा में हुई रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव उत्साहवर्धक रही है। उद्योगपतियों और निवेशको ने प्रदेश में गतिविधियों के संचालन में रुचि प्रदर्शित की है।

## आबकारी एमनेस्टी योजना में बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी का लाभ

एजेंसी

**उदयपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा आबकारी विभाग की पुरानी बकाये को निपटाने के लिये आबकारी एमनेस्टी योजना-2024 प्रारंभ की है, जिसके तहत बकायादारों को बकाया राशि जमा करवाने पर बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद एम नकाते ने मंगलवार को यहां बताया कि विभाग के बकायादारों के लिये आबकारी एमनेस्टी योजना-2024 पुरानी बकाया को निपटाने का सुगम अवसर है। उक्त योजना के तहत बकायादारों द्वारा बकाया राशि जमा करवाने पर बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी के साथ ही मूल बकाया राशि में भी छूट का प्रावधान किया गया है। यह योजना 31 दिसम्बर 2024 तक प्रभावी है। इस योजना का लाभ लेकर पुरानी बकाया राशि का भुगतान कर अनावश्यक सम्पत्तियों की नीलामी, कुर्की, वादकरण से बचा जा सकता है। इस संबंध में जानकारी एवं बकाया प्रकरणों के निपटारे के लिये अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी निरीक्षक से सम्पर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि उक्त योजना के तहत राशि नही जमा करवाने पर बकायादारों एवं उनके जमानतियों की चल-अचल सम्पत्तियों की कुर्की की जाकर भू राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत प्रचार-प्रसार कर नीलामी एवं आवश्यक होने पर बकायादारों के विरूद्ध सिविल, फौजदारी मुकदमें दर्ज करवाने की कार्यवाही भी की जा सकती है।

## गाजा के मुद्दे पर हमास और फतह के बीच हुयी वार्ता

एजेंसी

**गाजा।** हमास ने गाजा से संबंधित मुद्दों के प्रबंधन के लिए एक समिति बनाने के बारे में फतह के साथ चर्चा की है। हमास के नेता ओसामा हमदान ने एक टेलीविज़न संबोधन में सोमवार में कहा, हमारे आंदोलन के नेतृत्व और विभिन्न फ़िलिस्तीनी गुटों के बीच बैठकों के बाद हमने मिस्र द्वारा आमंत्रित किए गए फ़तह के अपने भाइयों के साथ एक बैठक की। उन्होंने कहा कि दोनों नेतृत्वों ने प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान गाजा में युद्ध और फ़िलिस्तीनी आम सहमति के आधार पर एकीकृत राष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया गया और किसी भी थोपी गई व्यवस्था को अस्वीकार कर दिया गया। उन्होंने कहा कि फ़िलिस्तीनी



मामलों का प्रबंधन, चाहे वह गाजा में हो, पश्चिमी तट में हो या प्रवासी समुदाय में हो, केवल राष्ट्रीय सहमति के माध्यम से निर्धारित किया जाने वाला मामला है। उन्होंने कहा कि फ़तह के साथ बैठक में गाजा की ज़रूरतों और मामलों को संभालने के लिए एक राष्ट्रीय एकता सरकार बनाने जैसे विचारों पर चर्चा की गई। यह व्यवस्था राष्ट्रीय एकता सरकार के लिए अनुकूल नहीं होने तक रहेगी। गौरतलब है कि गाजा के लिए युद्ध के बाद की व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए हमास और फतह के बीच बैठकों के बारे में पहली बार आधिकारिक घोषणा की गई है। मिस्र के मीडिया ने शनिवार को, मिस्र के एक सुरक्षा अधिकारी का हवाला देते हुए बताया कि फतह और हमास के प्रतिनिधि काहिरा में बातचीत कर रहे हैं। इसके अलावा, हमदान ने किसी भी प्रस्ताव के लिए अपने आंदोलन के खुलेपन की पुष्टि की, जो 'आक्रामकता' को समाप्त करने, गाजा से इजरायली सेना की वापसी, विस्थापित लोगों की वापसी, निवासियों के लिए सहायता, नाकाबंदी को हटाने, पुनर्निर्माण और एक वास्तविक कैदी विनिमय सौदे को सुनिश्चित करता है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनावों के बारे में हमदान ने कहा, परिणाम जो भी हो, यह आंदोलन से संबंधित नहीं है। उल्लेखनीय है कि फ़तह अरबी में हरकत अल-तहरीर अल-फ़िलिस्तीनिया या फ़िलिस्तीनी राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन का उल्टा संक्षिप्त रूप है।

## बीएसएफ ने अमृतसर सीमा पर ड्रोन, गुरदासपुर में हेरोइन बरामद की

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ ) ने आज अमृतसर और गुरदासपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में पाकिस्तान आधारित ड्रोन और हेरोइन के पैकेट जब्त किये। बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक एक ड्रोन को बीएसएफ के जवानों ने सुबह करीब 08:15 बजे, अमृतसर जिले के गांव- दाओके से सटे एक खेत से आंशिक रूप से टूटी हुई हालत में बरामद किया। बीएसएफ के जवानों ने पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे, गुरदासपुर जिले के गांव- गुरचक से सटे एक खेत से आधा किलोग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। मादक पदार्थ पीले रंग के चिपकने वाले टेप से लिपटे पाये गये।

## हवाई अड्डों पर सिख कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान कृपाण पहनने पर लगी रोक हटाई जायेः एबीएम

एजेंसी

**अमृतसर।** अमृतसर विकास मंच (एवीएम) और फ्लाईअमृतसर इनिशिएटिव (एफएआई) ने मंगलवार को नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा भारत के हवाई अड्डों पर सिख कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान कृपाण पहनने पर लगाई गयी रोक को हटाने का आग्रह किया है।

एवीएम और एफएआई ने औपचारिक रूप से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा और नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से भारतीय हवाई अड्डों पर कृपाण और अन्य धार्मिक प्रतीकों को धारण करने वाले सिख यात्रियों और कर्मचारियों पर लगाये गये प्रतिबंधों को दूर करने का आग्रह किया है। दोनों संगठन नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के हालिया निर्देश में संशोधन की वकालत कर रहे हैं, जो सिख



कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान कृपाण ले जाने से रोकता है, जिसका असर देश भर के हवाई अड्डों पर सिख कर्मचारियों पर पड़ रहा है। फ्लाई अमृतसर पहल के वैश्विक संयोजक और एवीएम के ओवरसीज सचिव समीप सिंह गुमटाला और एवीएम के संरक्षक प्रिंसिपल कुलवंत सिंह अंखी ने एक संयुक्त बयान में इस बात पर जोर डाला कि 30 अक्टूबर, 2024 को जारी बीसीएएस के आदेश में सिख यात्रियों को घरेलू उड़ानों में छह इंच से कम ब्लेड वाले कृपाण ले जाने की अनुमति दी गयी है, लेकिन यह आदेश स्पष्ट रूप से सिख कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान कृपाण पहनने से रोकता है। इस धारा के कारण श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर सहित भारतीय हवाई अड्डों पर कई घटनायें हुई हैं, जहां बपतिस्मा प्राप्त सिख कर्मचारियों को सुरक्षा जांच के बाद टर्मिनल क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोक दिया गया है, जिससे उनके पेशेवर कर्तव्यों को पूरा करने की क्षमता में बाधा उत्पन्न हो रही है।

## पिछोला झील में सीवरेज का रिसाव बंद करने की मांग

**उदयपुर।** होटल संस्थान दक्षिणी राजस्थान द्वारा एतिहासिक पिछोला झील में गंदगी एवं पानी मटमैला और बदबूदार होने पर मंगलवार को आयुक्त नगर निगम एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी को यहां पत्र देकर तुरंत इसके निस्तारण की मांग की। संस्थान के सचिव राकेश चौधरी ने पत्र में बताया कि पिछोला झील में कुछ दिनों से पानी गंदा और बदबूदार हो रहा है, संभवत: ऐसा लग रहा है कि पिछोला झील में सीवरेज का रिसाव हो रहा है।

क्योंकि कुछ समय पूर्व नगर निगम स्मार्ट सिटी द्वारा पिछोला झील के अंदर जो सीवरेज लाइन थी, उसे डाइवर्ट कर कई स्थानों पर झील से बाहर निकाल दिया है, परंतु जो मेनहोल बने हुये थे, उन्हें ऐसे ही छोड़ रखा है, जिससे कि सीवरेज लाइन जाम होने पर सीवरेज का गंदा पानी रिवर्स होकर उक्त मेनहोल के द्वारा झील में जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण विभाग द्वारा भी पानी की सैंपलिंग की गयी थी, जिसमें पाया गया।


RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)



केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes
आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ, सारनाथ, वाराणसी (उ.प्र.) 221007